

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 7 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 5 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 33 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ सार्थक पहल है एक साथ चुनाव

मध्य प्रदेश सरकार राजकुमार हिरानी को देगी किशोर कुमार सम्मान अवॉर्ड ◂◂ 6


# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू का भारत दौरा पीएम मोदी के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के बीच संबंधों पर केंद्रित द्विपक्षीय वार्ता की। मुइज्जू पांच दिवसीय भारत दौरे के लिए रविवार को नई दिल्ली पहुंचे।

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बैठक की जानकारी देते हुए लिखा, भारत-मालदीव विशेष संबंधों को आगे बढ़ाते हुए! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस पहुंचने पर मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत-मालदीव द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा होगी।

इससे पहले दिन में, मोहम्मद मुइज्जू का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद मालदीव के राष्ट्रपति ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुइज्जू, राष्ट्रपति मुर्मू के निमंत्रण पर भारत आए हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है।

इससे पहले रविवार को विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर मुइज्जू का स्वागत किया।



विदेश मंत्री (ईएएम) एस। जयशंकर ने रविवार को मालदीव के राष्ट्रपति के राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने के तुरंत बाद मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की।

**विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बैठक की जानकारी देते हुए लिखा, भारत-मालदीव विशेष संबंधों को आगे बढ़ाते हुए! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस पहुंचने पर मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत-मालदीव द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा होगी।**

मालदीव के राष्ट्रपति के साथ अपनी बैठक के बाद विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, आज राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। भारत-मालदीव संबंधों को बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी वार्ता हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद और एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मालदीव के राष्ट्रपति मंगलवार को आगरा का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, मालदीव के राष्ट्रपति अपने देश के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे, जहां वे व्यापारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

मुइज्जू की यह यात्रा खासी अहमियत रखती है क्योंकि हाल के दिनो में भारत-मालदीव संबंध उतार-चढ़ाव से भरे रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से मालदीव के राष्ट्रपति लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे जाहिर होता है कि वह भारत के साथ मजबूत रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं।

मुइज्जू के भारत आगमन से पहले उनके कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, राष्ट्रपति डॉ मुइज्जू मालदीव के विकास और वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि देश के लिए एक गतिशील और सक्रिय विदेश नीति सुनिश्चित हो सके। चचाएं द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक संबंधों को और आगे बढ़ाने पर केंद्रित होंगी।

# भाजपा का दिल्ली में मंथन शुरू दशहरा के बाद पहली सूची होगी जारी

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपाप्रदेश चुनाव समिति की बैठक हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई। इसमें 81 विधानसभा क्षेत्रों के संभावित प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया गया। हर विधानसभा सीट के लिए तीन नामों का पैनल तैयार किया गया है।

सोमवार को दिल्ली में आला नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठक होगी। विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम पर संसदीय बोर्ड अंतिम मुहर लगायेगा। विजयादशमी के बाद इखढ प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होगी। रविवार को प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में जिलों द्वारा भेजे गये प्रत्याशियों के नामों पर रायशुमारी की गयी। इसके साथ ही हर विधानसभा सीट पर चुनावी परिस्थिति के अनुसार रणनीति बनाने पर चर्चा हुई।

**बीजेपी के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनाने को लेकर प्रतिबद्ध**

बैठक के बाद प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने पत्रकारों से कहा कि प्रत्याशी, प्रबंधन और चुनाव अभियान पर चुनाव समिति में चर्चा हुई है। चुनाव अभियान





को प्रभावी बनाने और चुनाव प्रबंधन पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप भाजपा नेतृत्व में मजबूत एनडीए सरकार बनाने के लिए हम कृतसंकल्प हैं।

**बैठक में शिवराज सिंह चौहान और हिमंता भी हुए शामिल**

बैठक में प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री व चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी आदि शामिल थे।

**पहली सूची में हो सकते हैं 30 से 35 नाम**

पार्टी सूत्रों के अनुसार 30 से 35 उम्मीदवारों के नाम पहली सूची में जारी किये जा सकते हैं। इसमें एसटी रिजर्व सीटों के प्रत्याशियों के नाम सबसे पहले घोषित होने की उम्मीद है। पार्टी दो चरणों में सभी विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर सकती है।

**हिमंता बिस्वा ने कहा नाम आने में लगेंगे सात दिन**

हिमांता बिस्वा सरमा ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव समिति की यह पहली बैठक थी। सभी 81 सीटों के प्रत्याशियों के नाम के पैनल बनाये जा रहे हैं। सोमवार को दिल्ली में बैठक होगी। इसके बाद संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। उसके बाद सूची निकलेगी। इस पूरी प्रक्रिया में कम-से-कम सात दिन लगेंगे।

## 2017 में ट्रेन से गिरकर हुई थी पति की मौत, हाईकोर्ट ने 8 लाख मुआवजा का दिया आदेश

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने 2017 में चलती ट्रेन से गिरकर मरने वाले व्यक्ति की विधवा को 8 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें उसने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया कि मृतक एक वास्तविक यात्री था। जबकि जांच रिपोर्ट के दौरान उसके पास टिकट नहीं था।

**2017 में चलती ट्रेन से गिरकर शम्भू साहनी की हुई थी मौत**

**दरअसल** 7 जून 2017 को शम्भू साहनी पीरपैंती स्टेशन की यात्रा के लिए खरीदे गये वैध द्वितीय श्रेणी के टिकट के साथ साहिबगंज जंक्शन पर हावड़ा-गया एक्सप्रेस में सवार हुए थे।

# रांची में खुलेगा अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल सीएम हेमंत सोरेन आज करेंगे शिलान्यास



**मेट्रो रेज**

**रांची:** झारखंड वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। अब उन्हें गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दूसरे राज्यों के अस्पतालों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलने वाली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर रांची के स्मार्ट सिटी में अपोलो सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुलने जा रहा है। मुख्यमंत्री खुद 7 सितंबर को इसकी आधारशिला रखेंगे।

**310 बेड के इस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में**

हृदय विज्ञान सहित 50 से ज्यादा विशिष्टताएं उपलब्ध होगी। गैस्ट्रोसाइंसेज, न्यूरो साइंसेज, रीनल साइंसेज, ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, आंकोलॉजी, आपातकालीन और आघात से बचाव के लिए हमेशा विशेषज्ञ और उपकरण उपलब्ध रहेंगे। इस अस्पताल में अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, सिटी स्कैन, पीएफटी, जो उन्नत देखभाल के लिए जरुरी होता है, वो सबकुछ रहेगा।

5 सितंबर को जमशेदपुर में एमजीएम अस्पताल के नए भवन के उद्घाटन के दौरान ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि आने वाले दिनों में झारखंड के लोगों को इलाज के लिए मुंबई, दिल्ली, चेन्नई जैसे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल निर्माण के लिए रांची नगर निगम ने रांची स्मार्ट सिटी से जमीन लेकर अपोलो प्रबंधन को निःशुल्क उपलब्ध कराया है। स्मार्ट सिटी में 2.175 एकड़ जमीन पर ये अस्पताल जल्द आकार लेगा और झारखंड के मरीजों को अपने ही शहर में इलाज उपलब्ध कराएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम में राज्य सरकार की ओर से मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारियों, पदाधिकारी के साथ-साथ अपोलो प्रबंधन की ओर से अपोलो अस्पताल इंटरप्राइज की एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर प्रीता रेडी और उनकी टीम मौजूद रहेगी।

# लैंड फॉर जॉब मामले में लालू प्रसाद सहित अन्य को मिली जमानत, 1-1 लाख के मुचलके पर मिली बेल

**नई दिल्ली :** लैंड फॉर जॉब मामले में आज लालू परिवार की दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने लालू यादव समेत 9 लोगों को जमानत दे दी है। बता दें कि 1-1 लाख के निजी मुचलके पर सभी को बेल मिली है। सुनवाई के लिए कोर्ट में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, तेजप्रताप और मीसा भारती पहुंचे थे। पहली बार इस मामले में कोर्ट की तरफ से लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को समन किया गया था। कोर्ट में पेशी के लिए लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी मीसा भारती और रोहिणी के साथ रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। बता दें कि तेजप्रताप पहले से ही दिल्ली में मौजूद थे। तेजस्वी यादव दुबई थे तो रविवार देर रात वे दिल्ली पहुंचे।

**लालू ने दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से कहा- मोदी की हार तय**

दिल्ली रवाना होने से पहले पटना एयरपोर्ट पर लालू प्रसाद ने कहा



था कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा चुनाव में नरेंद्र मोदी और भाजपा की हार तय है। वहीं, सांसद मीसा भारती ने कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है।

**सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था- तेजप्रताप की संलिप्तता से इनकार नहीं**

बता दें कि एऊ की सप्लीमेंट्री चार्जशीट को एक्सेप्ट करने के बाद 18 दिन पहले कोर्ट ने लालू परिवार समेत इस मामले में शामिल अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे।

**एऊ ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी**


प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। इनमें से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व। लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व। किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत किया है। कोर्ट ने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था।

**रूटीन हेल्थ चेकअप के लिए अस्पताल पहुंचे रतन टाटा**

**मुंबई:** भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को लेकर हाल में आई तबीयत बिगड़ने की खबरों के बीच उन्होंने खुद सामने आकर स्थिति स्पष्ट की है।

## सुखदेवनगर इलाके से नवजात का शव बरामद

**रांची :** जिले के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से नवजात का शव बरामद हुआ है। यह मामला विद्यानगर रोड नंबर एक का है। जहां सोमवार की सुबह कचरे के ढेर में नवजात का शव प्लास्टिक से लिपटा मिला। इसके बाद स्थानीय लोगों की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर सुखदेवनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। बच्चे का शव कहां से आया और किसने फेंका, पुलिस इसकी जानकारी जुटाने में जुटी है। बच्चे के शरीर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं। आशंका जतायी जा रही है कि बच्चे की मौत होने के बाद उसे कचरे ढेर में किसी ने फेंककर चला गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट कर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के सोसई गांव निवासी आनंद एक्का पर अवैध पिस्टल की बट से हमला कर घायल करने वाले अभियुक्त अघनु पहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अघनु पहान, चटवल गांव का निवासी है और उसके पास से अवैध पिस्टल भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात किसी बात को लेकर आनंद एक्का और अघनु पहान के बीच झगड़ा हो गया था। इसी दौरान अघनु ने अपने पास रखी अवैध पिस्टल निकालकर उसकी बट से आनंद एक्का पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद आनंद के दोस्त अमरजीत कुमार सिंह ने मांडर थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी राहुल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अघनु पहान को गिरफ्तार कर लिया और घटना में इस्तेमाल अवैध पिस्टल को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि अघनु पहान एक अपराधी किस्म का युवक है और उसके खिलाफ चान्हो और भंडरा थाने में भी मामले दर्ज हैं। रविवार को अघनु को मांडर पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की और भी जांच की जा रही है।

### भट्ठी ध्वस्त जावा नष्ट व शराब बनाने वाले सामग्री जब्त

**सिल्ली :** विस चुनाव से पहले सिल्ली पुलिस द्वारा अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने का मामला प्रकाश में है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोंचो सुंडील में जंगल किनारे अवैध रूप से संचालित तीन- तीन भट्ठी को ध्वस्त किया है और महुआ जावा को नष्ट किया है। बताया जाता है पुलिस ने इस छापामारी के दौरान भट्ठी से एक बाइक एक साईकिल व शराब बनाने वाले बर्तन आदि जब्त कर दो ट्रेक्टरों में उठाकर थाना लाया है,बताया जाता है पुलिस गाड़ी देख भट्ठी संचालक भागने में सफल रहे है। वही अवैध शराब के खिलाफ छापामारी के बाद शराब कारोबारीयों में हड़कंप मचा है। बताया जाता है सिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर किया है जो आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**चुनाव के दरमियान देसी शराब में खेल का आशंका**

बताया जाता है वरीय पुलिस पदाधिकारी ने चुनाव में शराब के खेल को रोकने के उद्देश्य से देसी शराब के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव के दरमियान अवैध देशी शराब का खेल बड़े पैमाने पर चलता है इसमें चुनाव में कई गड़बड़ियां होने की संभावना बनी रहती है इसलिए पदाधिकारी ने नदी किनारे जंगलों व अन्य क्षेत्र में बने अवैध महुआ भट्ठीयां ध्वस्त करने के लिए यह अभियान लगातार चलाने का निर्देश दिया है।

### विधायक ने किया पथ का शिलान्यास



**मुरी:** सिल्ली के अन्दर चार जगहों पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने पथ निर्माण को लेकर शिलान्यास किया। सबसे पहले 5.8 किमी गाझा मोड़ से हल्माद तक,दुसरा 3.5 किमी हाकेदाग से गेडेबीर,तीसरा 4.8 किमी लोदमु से लोसेरा,चौथा 3.3 किमी असुर कोड़ा से कुचु तक,पांचवा एस एस हाई स्कूल से नायक जोबला तक करोडो रुपए के लागत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीण को कहा कि समस्या के समाधान के लिए हर समय मुझे बताएं। शिलान्यास में ग्रामीण लोग ने सुदेश महतो को माला पहना कर स्वागत किया।गेडेबीर में शहीद दिलीप बेदिया के स्टेच्यू पर माल्यार्पण किया। मौके पर सभी सम्मानित लोग एवं ग्रामीण मौजूद थे।

जयराम महतो ने जरमुंडी विधानसभा की जनता से मांगा वोट, कहा

## उनकी सरकार आई तो झारखंडियों को मिलेगा पूरा हक



**देवघरः** जिले के सारवां में झारखंड लोकतांत्रिक खतियानी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो की जनसभा हुई. जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के सारवां प्रखंड स्थित आदर्श प्लस टू स्कूल में यह जनसभा आयोजित की गई. जहां जयराम को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे. जयराम महतो ने अपने वाहन की छत पर खड़े होकर लोगों को अपने अंदाज में संबोधित किया। जयराम महतो ने कहा कि आज सभी राजनीतिक दल झारखंड को लूट रहे हैं लेकिन झारखंड में रहने वाले भोले-भाले लोगों की सुख-सुविधाओं और अधिकारों की किसी को चिंता नहीं है. सभी राजनीतिक दल सिर्फ अपने पार्टी नेताओं और उनके परिवारों का पेट भरने में लगे हैं।

**बादल पत्रलेख पर बोला हमला**

जरमुंडी विधायक सह पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख पर निशाना साधते हुए जयराम ने कहा कि दूसरे मंत्री और विधायक इसलिए पैसा कमाते हैं क्योंकि उनकी शादी हो जाती है और उन्हें अपने बच्चों के लिए पैसे बचाने होते हैं. लेकिन बादल पत्रलेख किसके लिए सरकारी पैसे लूट रहे हैं? यह समझना मुश्किल है. कई वर्षों तक कृषि मंत्री रहने के दौरान उन्होंने जरमुंडी क्षेत्र में एक भी कृषि विश्वविद्यालय या कॉलेज का निर्माण नहीं करवाया।

**लोगों से मांगे वोट**

जरमुंडी विधानसभा में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की. ??उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आती है तो डोमिसाइल नीति को और मजबूत किया जाएगा. उन्होंने कहा कि राज्य में जितने भी कर्मचारी और पदाधिकारी सरकारी नौकरी कर रहे हैं. उनके लिए भी एक नियम लाया जाएगा, ताकि झारखंड के कर्मचारी अपने घर के नजदीक रहकर काम कर सकें।

**सरकारी नौकरियों में 90 स्थानीय लोग**

इसके अलावा उन्होंने झारखंड में सरकारी नौकरियों में 90% स्थानीय लोगों को रखने पर जोर दिया और यह भी कहा कि जो लोग सक्षम हैं और 10% में आते हैं, हम उनका स्वागत करेंगे. लेकिन अगर दूसरे राज्यों के लोग झारखंड के हक पर आएंगे तो हम इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे. जयराम ने कहा कि उनकी पार्टी झारखंड के संथाल परगना की 18 में से 12 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अगर किसी अन्य विधानसभा से गुंजाइश होगी तो पार्टी वहां से भी अपना उम्मीदवार उतारेगी।

**मंईयां सम्मान योजना एक छलावा**

उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे मंईयां सम्मान योजना पर भी टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि यह महज एक छलावा है. चाहे भारतीय जनता पार्टी हो या झारखंड मुक्ति मोर्चा, दोनों झारखंड की महिलाओं को सिर्फ ठगने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों को असली सम्मान तब मिलेगा जब उनके भाइयों और उनके पतियों को अच्छी नौकरी मिलेगी।

गुमला में मंईयां सम्मान यात्रा में बोलीं विधायक कल्पना सोरेन

# आधी आबादी को हेमंत सरकार ने बनाया सशक्त




**मेट्रो रेज**

**गुमलाः** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा रविवार को गुमला पहुंची. जिसमें गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल हुईं. इस दौरान गुमला के पुग्गू में जनसभा आयोजित की गई. जिसमें कल्पना सोरेन ने हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनाई और मंईया सम्मान योजना पर अपनी बात रखी।

**देशभर में हो रही मंईयां योजना की चर्चा**

आमसभा में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि आज देशभर में मंईयां सम्मान योजना की चर्चा हो रही है. इसी के तहत यात्रा की शुरू की गई है. पूरे झारखंड में यह यात्रा निकाली जा रही है।

**आधी आबादी को सरकार ने सशक्त बनाया**

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का उपहार देकर आधी आबादी को सशक्त बनाने का काम किया है. इससे प्रदेश की महिलाओं को काफी फायदा हो रहा है. उन्होंने कहा कि योजना से महिलाएं हर तरह से मजबूत बनेंगी।

**गुमला के पालकोट में रोड शो**

बताते चलें कि रविवार की शाम 5 बजे मंईयां सम्मान यात्रा गुमला पहुंची। इससे पूर्व पालकोट में कार्यकताओं ने रोड शो किया. इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक भूषण तिर्की और झिग्गा सुसारण होरो शामिल हुए और जनता का अभिवादन किया. वहीं सदर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत पुग्गू पहुंचने पर कार्यकताओं ने नेताओं का स्वागत किया।

**केओ कॉलेज में रात्रि चौपाल का आयोजन**

वहीं इसके बाद केओ कॉलेज में रात्रि चौपाल का भी आयोजन किया गया है. इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. दूसरे दिन सात अक्तूबर को सिसई में पूर्वाह्न 11:15 में आमसभा, घाघरा में अपराह्न दो बजे आमसभा और विशुनपुर में अपराह्न चार बजे आमसभा आयोजित की जाएगी. इसके बाद मंईयां सम्मान यात्रा नेतरहाट के लिए प्रस्थान करेगी।

18-19 अक्टूबर को मुड़मा जतरा मेले का होगा आयोजन

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने की तैयारियों की समीक्षा



**मांडर :** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने घोषणा की है कि राज्य में आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व, मुड़मा जतरा मेला, इस बार 18 और 19 अक्टूबर को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। विधायक तिर्की ने बताया कि मेले के आयोजन को अधिक-से-अधिक सरकारी सुविधा और सहायता मिल सके, इसके लिए वे प्रयासरत हैं। जल्द ही उनकी अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेगा।

रविवार को मांडर प्रखंड के मुड़मा में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे, जिसमें मेले से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, खेलारी के पुलिस उपाधीक्षक, मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, और मांडर थाना प्रभारी ने हिस्सा लिया। बैठक में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने मेले को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

बैठक में तय हुआ कि मेले के दौरान आने वाले आगंतुकों, दर्शनार्थियों और सरना धर्म के अनुयायियों को अधिक-से-अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। इसके अलावा, शांति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि मेला सुचारू रूप से संपन्न हो सके। विधायक तिर्की ने जोर देकर कहा कि उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मुड़मा जतरा मेला एक ऐतिहासिक आयोजन बने और आदिवासी समाज को समृद्ध सांस्कृतिक पहचान के साथ नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए।

### हजारीबाग में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन, जमकर झूमे लोग

**हजारीबागः** आज शारदीय नवरात्र के पांचवां दिन है. जैसे-जैसे नवरात्र का दिन बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे दुर्गा पूजा की चकाचौंध बढ़ती ही जा रही है. हजारीबाग में मां दुर्गा की आराधना के साथ शहर में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है. रंग बिरंगे परिधान में बच्चों से लेकर महिलाएं और युवा डांडिया की धुन पर थिरकते नजर आए. शहर के गांधी मैदान में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया. नवरात्र को लेकर गरबा पंडालों में काफी भीड़ जुट रही है. अन्य शहरों की तरह हजारीबाग में भी अब गरबा नाइट देखने को मिल रहा है. शहर में एक दर्जन से अधिक गरबा नाइट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में कांग्रेस नेता अनुप्रिया ने तीन दिवसीय गरबा नाइट का आयोजन किया है. रविवार देर रात तक हजारीबाग के गांधी मैदान में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने गरबा नाइट का लुत्फ उठाया। इस दौरान महिला, पुरुष संग बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर गरबा करते हुए नजर आए।

## चंपाई के हौसले की हिमंता ने की हौसला अफजाई, सच्ची नेतृत्व क्षमता को सराहा





**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले छिड़ी राजनीतिक जंग के आए दिन नए-नए रूप देखने को मिल रहे हैं. एक तरफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के नेतृत्व में सत्ताधारी दलों के नेताओं ने मोर्चा संभाल रखा है तो दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल भाजपा चुनावी चक्रव्यूह को मजबूत करने में जुटी है. प्रोजेक्शन के खेल में आज पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एक कदम आगे नजर आए. तबीयत नासाज होने की वजह से जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती होने के बावजूद उन्होंने वीरों की भूमि भोगनाडीह में आयोजित 'मांझी परगना महासम्मेलन' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया. उन्होंने संथाली भाषा में लोगों से संवाद किया।

संथाल की जनता के प्रति चंपाई सोरेन के इस लगाव को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने अंदाज में बयां किया है. उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अस्पताल के बेड पर नजर आ रहे हैं. इसके बावजूद भोगनाडीह में आयोजित 'मांझी परगना महासम्मेलन' को ऑनलाइन संबोधित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उनकी तारीफ करते हुए लिखा है कि सच्ची नेतृत्व क्षमता वही है, जो कठिनाइयों के बीच भी अपने लोगों के प्रति समर्पित रहे. उन्होंने लिखा है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई जी ने अस्पताल में रहते हुए भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ₹मांझी परगना महासम्मेलन₹ को संबोधित किया, जो उनके जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है. मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

दरअसल, सीएम की कुर्सी गंवाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा में हुए अपमान की दुहाई देकर चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हुए. उसके बाद से चंपाई सोरेन परंपरागत तरीके से आदिवासी समाज के बीच जाकर हेमंत सरकार को घेर रहे हैं. वह आदिवासी समाज के लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं. इस बात पर फोकस कर रहे हैं कि आज की झारखंड मुक्ति मोर्चा शिबू सोरेन वाली झामुमो नहीं रह गई है। वहीं भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल झामुमो के पूर्व विधायक और वर्तमान में भाजपा नेता लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड की पहचान यहां की परंपरा है. उस परंपरा को जीवित करने के लिए 'मांझी परगना महासम्मेलन ' का आयोजन किया जा रहा है. इसमें समाज के लोग एक साथ बैठकर समस्याओं का जिक्र करते हैं. उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने वादा किया था कि सरकार बनते ही पी-पेसा को लागू किया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### एससी-एसटी किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण, आमदनी बढ़ाने की पहलः शिवराज सिंह चौहान

**रांचीः** केंद्र सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने की पहल की है. मकसद है शोध संस्थान के जरिए कृषि उत्पादक के गुणवत्ता में वृद्धि और लागत में कमी लाना. केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रांची के समीप गढखटंगा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद परिसर में दो बहुउद्देशीय भवन की आधारशिला रखी है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को विशेष प्रशिक्षण देना होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाना, वर्तमान केंद्रीय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए उन्नत खेती पद्धति अपनाने का लगातर प्रयास किया जा रहा है, जिसमें यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है. उन्होंने कहा कि उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने और उत्पादन की लागत कम करने के लिए अच्छे बीज, शोध के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराने के लिए यहां के रिसर्चर कार्य कर रहे हैं. इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने देश के अलग-अलग हिस्सों से यहां कृषि विज्ञान के क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को भी उनके उन्नत भविष्य की शुभकामना दी। इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुछ किसानों को कृषि में प्रयोग आने वाली सामग्रियों का वितरण भी किया। स्वागत भाषण में संस्थान के निदेशक डॉक्टर सुजय रक्षित ने संस्थान के इतिहास और भूमिका की चर्चा करते हुए बताया कि इस संस्थान से अब तक 30 छात्र बीटेक इन बायोटेक्नोलॉजी जैसे विशिष्ट कोर्स की पढ़ाई कर देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्य कर रहे हैं।

# गैस्ट्रोकॉन-24 का समापन, विशेषज्ञों ने साझा किया अनुभव

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा रांची में डोरंडा के शौर्य सभागार में आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस गैस्ट्रोकॉन-24 का रविवार शाम को समापन हो गया. इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से पेट व लीवर रोग के करीब दो सौ से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए. सम्मेलन के अंतिम दिन 6 अक्टूबर को भी पेट, लीवर, पैंक्रियाज, पित्त की थैली से जुड़े 20 से ज्यादा विभिन्न बीमारियों से संबंधित विषय पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने चर्चा की. कॉन्फ्रेंस के दौरान अलग-अलग टॉपिक पर एक्सपर्ट चिकित्सकों ने मेडिकल के क्षेत्र में हो रही नई अनुसंधान और दवाओं को लेकर अपनी-अपनी बात रखीं।

रविवार को कॉन्फ्रेंस की शुरूआत गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. अमर प्रेम द्वारा गॉल ब्लैडर कैंसर की जल्द पहचान और प्रबंधन विषय के साथ हुई। उन्होंने बताया कि पित्ताशय के कैंसर का पता लगाना मुश्किल है. क्योंकि इसके लक्षण शुरूआती चरणों में दिखाई नहीं देते हैं. जब तक लक्षण दिखाई देते हैं, तो वे पित्त पथरी या पित्त नली में रुकावट जैसी अधिक सामान्य स्थितियों के समान हो जाते हैं। जिससे पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द, पीली त्वचा और आंखों का सफेद भाग पीला पड़ने लगता है. ऐसे रोगियों की पहचान शुरूआती स्तर पर की जा सके और इसका प्रबंधन कैसे किया जा सके इसे जानना और समझना बहुत जरूरी है।

बिहार के डॉ. राजीव कुमार सिंह ने एंडोस्कोपी पर एआई के महत्व के बारे जानकारी दी. चंढीगढ़ के डॉ. सरोज कांत सिन्हा ने अल्सरेटिव कोलाइटिस का 2025 और इससे आगे के इलाज विषय पर अपनी बात रखी। डॉ सरोज ने बताया कि अल्सरेटिव कोलाइटिस, बड़ी आंत (कोलन) और मलाशय की अंदरूनी परत में सूजन होने वाली एक बीमारी है. इसे इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (क्इऊ) के नाम से भी जाना जाता है. उन्होंने बताया कि अगर समय रहते इसका इलाज नही किया गया तो यह घातक साबित हो सकता है। डॉ. सरोज सिन्हा के अनुसार, अल्सरेटिव कोलाइटिस के कई लक्षण हैं, जैसे पेट में दर्द और ऐंठन, आंत के ऊपर गुड़गुड़ाहट या छप-छप की आवाज, मल में रक्त और संभवतः मवाद होना, दस्त, बुखार, वजन घटना जैसे लक्षण शामिल हैं. कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य रूप से नागपुर के डॉ. सौरभ मुकेवर, दिल्ली के डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. पियुष रंजन, कोलकाता के डॉ. संदीप पाल, अपोलो दिल्ली के डॉ. हितेंद्र गर्ग, कोलकाता के डॉ. संजय मंडल और डॉ. नीरव गोयल ने व्याख्यान दिए। इलाज के नए-नए एडवांस तकनीक से अवगत हुए झारखंड समेत दूसरे राज्य के युवा चिकित्सक



इस कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनोहर लाल और को-चेयरपर्सन डॉ. जयंत घोष ने बताया कि पेट, आंत व लीवर से संबंधित इस दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ अलग-अलग राज्यों से शामिल होकर झारखंड समेत दूसरे जगह के डॉक्टरों को नए-नए तकनीक व अपने अनुभव से अवगत कराया. कॉन्फ्रेंस के दौरान लाइव सर्जरी से युवा चिकित्सकों ने ईलाज की नई और अत्याधुनिक तकनीक सीखी. सम्मेलन में उपस्थित डॉक्टरों ने एक्लेसिया कार्डिया का ऑपरेशन, पैंक्रियाज से संबंधित बीमारी, पैंक्रियाटिक स्यूडोसिस्ट का ड्रेनेज, ईआरसीपी के द्वारा पित्त की नली में स्थित बड़े-बड़े स्टोन का स्पाई ग्लास के द्वारा ऑपरेशन की तकनीक को सीखा।

**एंडोस्कोपी से पोयम तकनीक का इस्तेमाल कर खाने की नली की सर्जरी संभवः डॉ. विकास सिंघला**

मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के डॉ. विकास सिंघला ने पोयम यानी बिना चीर-फाड़ के कैसे खाने की नली की सर्जरी कर उसे ठीक किया जा सकता है इस विषय प्रस्तुति दी। इसके बाद लाइव सर्जरी कर इसकी बारीकियों को भी बताया गया. उन्होंने बताया कि बिना चीर-फाड़ के एंडोस्कोपी से पोयम (ओरल एंडोस्कोपिक मायटोमी) तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है. इस तकनीक में, मुंह के रास्ते जाकर आहार नली में छोटा कट लगाया जाता है, इसके बाद, इसोफेगस के ऊपरी हिस्से से लेकर जंक्शन के नीचे तक बढ़ी मांसपेशियों को काटा जाता है. इस प्रक्रिया में करीब 45 मिनट का समय लगता है. जिसके बाद मरीज को परेशानी से निजात मिल जाता है।

**क्रोनिक पैंक्रियाटिक से अग्नाशय की संरचना व कार्य-प्रणाली हो सकती है खराब, समय से पहचान जरूरी : डॉ. संजीव झा**

आईजीआईएमएस पटना के डॉ. संजीव कुमार झा ने बताया कि क्रोनिक पैंक्रियाटिस अग्नाशय की लंबे समय से चली आ रही सूजन होता है. इस वजह से अग्नाशय की संरचना और कार्य-प्रणाली खराब हो जाती है. अल्कोहल का अधिक सेवन और सिगरेट धुम्रपान कोनिक पैंक्रियाटिक के दो प्रमुख कारण होते हैं. पेट में दर्द लगातार हो सकता है और कई बार दर्द पर सामान्य दवाईयां काम नहीं करती है. इसके लिए अन्य सर्जिकल तरीको को अपना पड़ता है.

**डॉ. ए.के सिंह ने एसाइटिस के बारे दी जानकारी**

पटना के डॉ. एके सिंह ने बताया कि एसाइटिस का मतलब पेट में पानी भरना है. इसके कई वजह हो सकता है. पेट में पानी भरना ही बड़े बीमारी का लक्षण हो सकता है. लीवर सिरोसिस, टीबी फेल्योर और हृदय रोग के कारण भी यह होता है. ऐसे मरीजों को अपने स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सजग रहने की जरूरत है. पेट में पानी का पता अल्ट्रासाउंड से डायग्नोसिस कर लगाया जा सकता है।

**बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा**

कॉन्फ्रेंस के दौरान इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी की गर्वनिंग बॉडी की बैठक रविवार को रांची में संपन्न हुई. बैठक के दौरान नई कमेटी का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रिम्स के डॉ. मनोहर लाल प्रसाद को इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी बिहार-झारखंड चैप्टर का प्रेसिडेंट चुना गया. डॉ. आशीष कुमार झा को प्रेसिडेंट (इलेक्ट), डॉ. विजय शंकर को वाइस प्रेसिडेंट, डॉ. संजीव कुमार झा को सेक्रेटरी, डॉ. रवि कांत व डॉ. रविश को ज्वाइंट सेक्रेटरी और डॉ. सौरभ जयसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया. इसके अलावा गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों के रुप में डॉ. संजीव ठाकुर, डॉ. जयंत घोष, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. तेज नारायण, डॉ. दीपक कुमार सिंह और डॉ. प्रणव मंडल को मनोनित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ





## एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल संजय सेठ से मिला

**रांची :** ऑल इंडिया पोस्टल/आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद संजय सेठ से मिलकर 28 सूत्री मांग पत्र जो प्रधान मंत्री,भारत सरकार एवं अन्य केंद्रीय मंत्रियों को संबोधित किया गया था, समर्पित किया। केंद्रीय पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर जुलाई से देश भर में क्रमबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। आंदोलन के चौथे चरण में स्थानीय सांसद को ज्ञापन सौंपा जाना था। आंदोलन के अंतिम चरण में 13 नवंबर को जंतर मंतर, दिल्ली पर देश भर के केंद्रीय पेंशनर्स अपनी मांगों के समर्थन में धरना देंगे। झारखंड के 10 प्रतिनिधि इस धरना में एम जेड खान के नेतृत्व में भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल में एम जेड खान के अलावा के डी राय व्यथित,त्रिवेणी ठाकुर, गौतम विश्वास,त्रिलोकी नाथ साहू, देव चरण साहू,रामचंद्र प्रसाद शामिल थे।

मुख्य मांगों में पुरानी पेंशन योजना की पुनर्बहाली, नई पेंशन योजना के पेंशनर्स को ओपीएस में लाना, रेल यात्रा में सीनियर सिटीजन को कोरोना काल से पूर्व जो यात्रा सुविधा मिल रही थी,उसे पुनः बहाल करना, आठवें वेतन आयोग का गठन करना, 18 महीने का रुका हुआ महंगाई भत्ता/ राहत को अविलंब जारी करना, सीजी एच एस के 'स्रिंल्ली' 'ी हॉस्पिटल में कैशलैस उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करना, बैंक/बी एस एन एल के पेंशनर्स का अपडेशन करना, पेंशन के कम्युटेशन की अवधि को 15 साल से 12 साल करना, 30 जून एवं 31 दिसंबर के रिटायरिज को वेतन वृद्धि की मंजूरी देना, 65 साल की उम्र से 5% की दर से अतिरिक्त पेंशन की मंजूरी देना, राष्ट्रीय लेटीगेशन पॉलिसी बनाना, प्रत्येक राज्य एवं रिवेन्यू जिला में सीजी एच एस वेलनेस सेंटर की स्थापना करना चिकित्सा भत्ता की राशि 1000 से 3000 करना, मेडिकल इंश्योरेंस की व्यवस्था लागू करना, वेलनेस सेंटर में प्रस्तावित पीपीपी की योजना को निरस्त करना आदि शामिल है। इन मांगों के समर्थन में 5 सितम्बर को ईमेल के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री सहित अन्य को ज्ञापन भेजा गया था । 13 सितम्बर को झारखंड के जिलों में इन मांगों के समर्थन में धरना दिया गया और मांग पत्र प्रेषित किया गया। 25 सितम्बर को राज्य स्तरीय धरना का आयोजन किया गया था।

## 36वा नव युवक संघ हॉकी चैंपियनशिप कल से



**रांची :** सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत लठ्ठाखम्हन खेल मैदान में नव युवक संघ हॉकी एसोसिशन लठ्ठाखम्हन द्वारा विगत तीन युग यानि साढ़े तीन दशक से भी अधिक वर्षो से आयोजित होता आ रहा *36वा नव युवक संघ हॉकी चैंपियनशिप लठ्ठाखम्हन 2024 महिला और पुरुष* का आयोजन इस वर्ष भी 08 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 2024 तक आयोजित किए जाएंगे। जिसका विधिवत उद्घाटन कल 08 अक्तूबर को दोपहर 01।00 बजे मुख्य अतिथि ठेठईटांगर प्रखंड के प्रमुख श्री बिपिन पंकज मिंज एवम अन्य अतिथियों के द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन मैच कुडपानी प्रधान टोली और संत जोसेफ क्लब बरबेड़ा के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को पुरुस्कार स्वरूप एक एक खस्सी तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को पुरुस्कार स्वरूप एक खस्सी तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने टीम को भी उचित पुरुस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीम कल से सीधे मैदान में पहुंचकर अपना निबंधन कराकर सीधे मैच खेल सकते है। महिला वर्ग का कल उद्घाटन मैच के बाद 11 अक्तूबर से होंगे। जंगलों, पहाड़ों से घिरे खूबसूरत वादियों के बीच बसे लठ्ठाखम्हन खेल मैदान में 1989 से आयोजित होता आ रहा यह प्रतियोगिता ग्रामीण इलाके के महिला टीमों के लिए सबसे पुराना और एक मात्र हॉकी प्रतियोगिता हुआ करता था, वर्तमान भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे की प्रतिभा की पहचान सबसे पहले 2010 में इसी प्रतियोगिता से हुई थी और वह धीरे धीरे आगे बढ़ते हुए ओलंपिक सहित, विश्व कप, एशिया कप, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स ,विश्व के सभी प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए आज भारतीय महिला टीम की कप्तानी कर रही है। संगीता कुमारी,रोपनी कुमारी, अलका,सुषमा इत्यादि वर्तमान समय में भारतीय महिला हॉकी टीम में सामिल सिमडेगा के ज्यादातर खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेल चुकी है।

## जेएसएससी ने शिकायतकर्ताओं को दिया आखिरी मौका, आज तक करना होगा साक्ष्य जमा

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक के मामले में शिकायतकताओं को आखिरी मौका दिया है। उन्हें आज तक साक्ष्य जमा करने होंगे, नहीं तो आयोग अपने स्तर पर निर्णय लेगा। इसकी जानकारी जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने एक पत्र जारी कर दी है। इसमें शिकायतकताओं को परीक्षा में हुई गड़बड़ी से जुड़ी शिकायतों के साक्ष्य और स्त्रोत शपथ पत्र देने का एक अंतिम अवसर दिया गया है। नोटिस में सचिव ने कहा है कि अगर शिकायतकर्ता निर्धारित समय पर साक्ष्य लेकर उपस्थित नहीं होते हैं, तो समिति उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्णय ले लेगी।

# पीएम मोदी न पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**मेट्रो रेज**



**रांची:** नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह झारखंड के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता चंपाई सोरेन को फोन कर उनका हालचाल जाना। पीएम ने बातचीत के दौरान चंपाई सोरेन से उनके स्वस्थ्य के बारे में जानकारी ली।

**पीएम मोदी और चंपाई सोरेन के बीच क्या हुई बात ?**

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डॉक्टरों के अथक प्रयास और आम लोगों की दुआओं से अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। पीएम ने चंपाई सोरेन की तारीफ करते हुए कहा कि आप अस्वस्थ रहने के बावजूद आस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आयोजित आदिवासियों के महासम्मेलन में शामिल हुए।

**शनिवार को अस्पताल में हुए थे भर्ती**

बता दें कि चंपाई सोरेन शनिवार को स्वास्थ्य संबिधित जटिलताओं की वजह से टाटा मेमोरियल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। रविवार को उन्हें बरहेट में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने अस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरीये सभा को संबोधित किया।

**चंपाई सोरेन ने पीएम मोदी का धन्यावद दिया**

इस फोन कॉल के लिए पीएम को धन्यवाद देते हुए भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने मीडिया को बताया कि संथाल परगना में आदिवासियों के अस्तित्व पर जो संकट मंडरा रहा है, उसे देखते हुए, समाज के लोगों को जागरूक एवं संगठित करना जरूरी है। समाज की माटी, रोटी एवं बेटी तथा जल, जंगल व जमीन की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू हुई मंईयां सम्मान योजनाः कल्पना



**मेट्रो रेज**

**सिमडेगा/कोलेबिरा :** झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही झारखंड मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा और लाभुकों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए समाज कल्याण मंत्री बेबी देवी, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सिमडेगा और कोलेबिरा क्षेत्रों का दौरा किया।

इस दौरान, समूह दीदियों ने पारंपरिक तरीके से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। विधायक कल्पना सोरेन ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया और महिलाओं के उत्थान के लिए योजनाओं के प्रभाव का आकलन किया। उन्होंने कहा कि योजना से महिलाओं को आर्थिक मदद मिल रही है और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।

समाज कल्याण मंत्री बेबी देवी ने कहा, ₹महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए झारखंड सरकार प्रतिबद्ध है। झारखंड मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को सम्मान और आर्थिक मदद मिल रही है।₹

इस योजना से ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में योगदान देने का मौका मिल रहा है। लाभुकों से मिली प्रतिक्रिया सकारात्मक रही, महिलाएं सरकार की सहायता से संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं ने उनके जीवन स्तर को बेहतर किया है और उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि सरकार महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड मंईयां सम्मान योजना एक महत्वपूर्ण कदम है जो महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद कर रही है। इस दौरान, जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के विकास के लिए काम कर रही है और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ईडी जांच के नाम पर ठगी, एफआईआर दर्ज

**रांचीः** रांची में ईडी जांच के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। पंडरा थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, वकील सुजीत कुमार पर आरोप है कि उन्होंने ईडी की चार्जशीट में नाम शामिल न करने के लिए 5 करोड़ से ज्यादा की ठगी की। पीड़ित संजीव पांडेय का आरोप है कि वकील सुजीत ने उन्हें और उनके अधिकारी मित्रों को ईडी के केस से बचाने के नाम पर करोड़ों रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी उनके नाम ईडी की चार्जशीट में आ गए। संजीव ने जब अपना पैसा वापस मांगा तो अधिवक्ता ने पैसा नहीं होने के एवज में 54 चेक जारी कर दिए और पैसे के बदले अपनी कार दे दी और एग्रीमेंट कर लिया।

वहीं इस मामले में अधिवक्ता सुजीत ने भी संजीव पांडेय के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। अधिवक्ता ने अपने आवेदन में बताया है कि संजीव पांडेय और उसके कुछ साथियों ने उसका अपहरण किया और उससे 12 लाख रुपये वसूलने के बाद उसे छोड़ा। पुलिस दोनों पक्षों की ओर से दर्ज प्राथमिकी की जांच कर रही है। पंडरा ओपी प्रभारी मनीष ने बताया कि पैसे के लेन-देन और अपहरण को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बड़कागढ़ में पत्तों से बनी मां की प्रतिमा का होगा दर्शन



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** बड़कागढ़, जगन्नाथपुर में दर्शनार्थी इस बार भी पत्तों से बनी मां की प्रतिमा का दर्शन करेंगे। यहां पत्तों से निर्मित प्रतिमा की पूजा की जाती है। प्रतिमा गढ़ने में मानपत्र, बेलपत्र, अशोक, अनार, बरगद और पाकड़ के पत्तों का प्रयोग होता है। अशोक के पत्ते से मां की जीभ बनती है। शहीद विश्वनाथ शाहदेव राजघराने की ओर से वर्ष 1880 से इस परंपरा का निर्वहृ निर्बाध रूप से किया जा रहा है। इस बार भी चकाचौंध से हटकर सादगी पूर्व दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। सभी जाति और धर्म के लोग बढ़-चढ़ कर पूजा में हिस्सा लेते हैं। इससे गंगा-यमुनी संस्कृति जीवंत हो उठती है।

परंपरानुसार अन्य देवी-देवताओं के साथ चिंतामणि की भी पूजा होती है। मां चिंतामणि शाहदेव परिवार की इष्ट देवी भी है। नवरात्र षष्ठी तिथि मंगलवार को बेलवरण के साथ ही देवी घर में पूजन-अनुष्ठान शुरू हो जायेगा, लेकिन सप्तमी को मां चिंतामणि और पत्रिका से बनी मां भवानी की प्रतिमा को डोली में विराजमान कर शोभायात्रा के रूप में श्रद्धालु मंदिर में स्थापित करेंगे। इसके बाद विजयदशमी तक यहां विधि-विधान से पूजा पूजन-अनुष्ठान चलेगा। इसमें ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लेंगे। राज पुरोहित सदन गोपाल शर्मा पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। विजयदशमी को पत्तों से बनी प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

**पूजन–अनुष्ठान के कार्यक्रम**

महाषष्ठी 08 अक्तूबर को शाम 07:00 बजे बेलवरन पूजा, महासप्तमी पूजा 09 अक्तूबर दिन के 10:00 बजे। मां भगवती चिंतामणि को ऐतिहासिक ठाकुर निवास बरकागढ़ से प्राचीन देवी घर जगन्नाथपुर चौक के लिए प्रस्थान। महाअष्टमी 10 अक्तूबर को दिन के 10:00 बजे हवन-पूजन, महानवमी पूजा दिन के 11:00 बजे। 11 अक्तूबर को संधि पूजा सुबह 06:52 बजे और महानवमी पूजा दिन के 11:00 बजे। रात्रि में निशा पूजा 08:00 बजे से। महादशमी पूजन दिन के 09:00 बजे से। इसके बाद हवन विसर्जन, मां भगवती चिंतामणि को वापस प्राचीन देवी घर से ठाकुर निवास लाया जाएगा।

**बलि के कारण दूसरी ओर बनाया गया देवी घर**

ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव( पिता स्व। ठाकुर नवीन नाथ शाहदेव ठाकुर बडकागढ एस्टेट) बताते हैं कि ऐतिहासिक ठाकुर निवास जगन्नाथपुर (जगन्नाथ महाप्रभु का क्षेत्र) में पुरुषोत्तम क्षेत्र होने के कारण बलि नहीं हो सकती हैं। इस कारण आनी मौजा में ऐतिहासिक प्राचीन देवी घर में मां भगवती की पूजा प्रारंभ की गयी, जहां मां की पूजा में बलि दी जाती हैं, इस कारण देवी घर का निर्माण 1880 में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की धर्मपत्नी ठकुरानी बानेश्वरी कुंवर ने प्राचीन देवी घर की स्थापना की।

**अंग्रेजों ने तोप से उड़ा दिया था घर**

ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने बताया कि जब अंग्रेजों ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के घर (चिरनागढ़ हटिया) को तोप से उड़ा दिया था, तब ठाकुर विश्वनाथ जी की धर्मपत्नी ठाकुरानी बानेश्वरी कुंवर ने अपने एक मात्र पुत्र ठाकुर कपिल नाथ शाहदेव (1 वर्ष आयु) को लेकर खोरा जंगल में छिप गयी थीं। उस समय अपने साथ मां की प्रतिमा और पांच नगाड़े भी लेकर गए थे। 1874 ई में ठाकुरानी अंग्रेजों के समक्ष आई और अपना रियासत वापस करने की मांग की। ठाकुर कपिल नाथ शाहदेव 12 साल के हो गए थे, अंग्रेजों ने रियासत वापस नहीं की, लेकिन ठाकुरानी और उनके पुत्र के रहने के लिए जगन्नाथपुर में एक खपरैल का मकान, मंदिर के पास बना दिया। तब से यह भगवती मां चिंतामणि की पूजा पूरे साल ऐतिहासिक ठाकुर निवास पर ही होती हैं और शरद, चैत्र नवरात्र में मां भगवती चिंतामणि की पूजा प्राचीन देवी घर में किया जाता हैं।

# मंईयां सम्मान यात्रा को लेकर डीसी ने की बैठक




**लोहरदगा :** मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत 08 अक्टूबर 2024 को लोहरदगा जिला में आयोजित होनेवाले आम सभा व अन्य कार्यक्रमों को लेकर आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आम सभा के लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल समाहरणालय के समीप मैदान में की जा रही आवश्यक तैयारियों, आमजनों के लिए सुविधाओं, लाभुकों के बीच मंईयां सम्मान योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि का भुगतान, परिसदन की साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्था, विभिन्न प्रखण्डों से लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने व वापस ले जाने संबंधी कार्ययोजना, आमसभा की रूपरेखा आदि पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये।

ज्ञात हो कि मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत 08 अक्टूबर 2024 को लोहरदगा जिला में बेबी देवी, माननीय मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार, दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार और कल्पना मुर्मू सोरेन, माननीय विधायक, गाण्डेय, जिला-गिरिडीह का मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत लोहरदगा जिला में आम सभा का आयोजन समाहरणालय मैदान, लोहरदगा में अपराह्न 12.30 बजे से होगा। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा प्रमोद दास, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव 1000 से अधिक स्वयंसेवक शामिल

**रांची :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, रांची महानगर में श्री विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। यह उत्सव संघ की स्थापना के 19वें वर्ष के अवसर पर मनाया गया। इसकी शुरूआत 1925 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी। इस अवसर पर, 1000 से अधिक स्वयंसेवकों ने 5 किमी के पथ संचलन में भाग लिया, जो शास्त्री मैदान से शुरू होकर ऑक्सफोर्ड स्कूल, बहुबजार चौक, श्रीराम मंदिर, और शिशु मंदिर होते हुए शास्त्री मैदान में संपन्न हुआ। पथ के संचलन के मार्ग में विभिन्न स्थानो पर लोगों द्वारा फूल बरसा कर पथ संचलन में लगे स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की उपस्थिति 500 से अधिक रही, जिसमें मातृशक्ति की उपस्थिति विशेष रूप से प्रेरणादायक रही।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय ने संघ की अनुशासनप्रियता की तारीफ की और कहा कि ऐसी अनुशासनप्रियता उन्होंने अपने सैनिक स्कूल के बाद आज इस कार्यक्रम में देखी। मुखवक्ता गोपाल, झारखंड प्रांत के प्रांत प्रचारक ने कहा कि संघ पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद, संघ के स्वयंसेवकों ने दुगनी गति से राष्ट्र कार्य और राष्ट्र जागरण में काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि संघ के प्रयासों का परिणाम धारा 370 के रूप में जम्मू-कश्मीर में देखा जा सकता है, जहां संघ ने 1960 के दशक में जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र बनाया था। पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने के प्रयासों के बावजूद, संघ के प्रचारकों के मेहनत से वहां की स्थिति बदली है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन हम शस्त्र की पूजन का शक्ति की उपासना करते हैं ताकि सज्जन शक्तियों को जागृत कर समाज में बदलाव लाया जा सके। लेकिन हमें शस्त्र के शास्त्र पर भी ध्यान देना होगा, हमें बल के साथ विवेक पूर्ण ज्ञान भी चाहिए। इस कार्यक्रम में देव व्रत पाहन( क्षेत्र संघचालक), सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह, विभाग संघचालक विवेक भासीन, महानगर संघचालक पवन मंत्री सहित संघ एवं अनुसांगिक संगठनों के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय के शिक्षक हुए सम्मानित

**रांची :** डीएवी शिक्षादीप जय प्रकाश नगर विद्यालय मे *सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह* का आयोजन संस्थापिका नीलम देवी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक एवं कार्यक्रम मे उपस्थिति विशिष्ठ अतिथि छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन,सेवा,समर्पण,अनुशासन एवं इतिहास रचने वाले सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में शिवनंदन पाठक ने कहा बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावक एवं अपना भी नाम रौशन करते हैं इसका श्रेय शिक्षकों को ही जाता है। विद्यालय मे ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से शिक्षक प्रोत्साहित एवं उनमें हौसला अफजाई होती है। आज सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान डीएवी शिक्षादीप विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार सहित उप प्राचार्य सुनीता मिश्रा,प्रभारी शिक्षक कुमारी मेघा दास,परीक्षा नियंत्रक चेतना उपाध्याय एवं रविता कुमारी,सीमा सिंह,सीमा मिश्रा,दिव्या साव,पूनम वर्मा,रीता सिंह,शीतल शर्मा,एकता मिश्रा,नेहा शर्मा,गिन्नी टेहरी,गौरव झा आदि आदि शिक्षकों को मोमेंटो भेंटकर *सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान* से सम्मानित किया गया।सम्मानित शिक्षकों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा हमलोगों के लिए यह पल बहुत ही अद्भुतक्षण था आज हमलोग अपने आप को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सभी शिक्षकों ने निदेशक मंडली के प्रति आभार प्रकट एवं उपस्थित बच्चों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## सुविचार

**मनुष्य का बड़ा होना अच्छी बात है लेकिन उसके व्यक्तित्व में गहराई और विचारों में शुद्धता भी होनी चाहिए तभी वह महान बनता है।**

## सुनहरे युग में प्रवेश करता जम्मू-कश्मीर

**बेखौफ** होकर जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से मतदाताओं ने राज्य विधानसभा के तीन चरणों में हुए चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया उससे दूर तक संदेश चला गया है कि अब वहां हालात लगभग सामान्य हो चुके हैं। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान किसी तरह की हिंसा भी नहीं हुई। चुनाव में राजनीतिक दलों ने भी निर्भीकतापूर्वक खुलकर प्रचार भी किया। रैलियां भी कीं और जमकर अपने-अपने मतों को खुलकर जनता के सामने रखा भी । यह सब पिछले कई दशकों से ठप पड़ा हुआ था । बेशक, निर्वाचन आयोग राज्य विधानसभा का चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय ले सकता है। याद रहे कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि 1980 के दशक में जम्मू और कश्मीर में उग्रवाद के बढ़ने का एक कारण 1987 का विधानसभा चुनाव था, जो कि पूरी तरह से फर्जी था और जिसने चुनावी लोकतंत्र के प्रति भारी निराशा पैदा की थी और उग्रवाद को बढ़ावा देने में भरपूर मदद की थी। देश को अब उम्मीद जगी है कि राज्य विधानसभा के आगामी आठ अक्टूबर को मतगणना भी इसी भावना से होगी और उसके बाद राज्य में नई सरकार का गठन बिना किसी पक्षपात या शिकायत के होगा। अब लगता तो यही है कि जम्मू-कश्मीर अपना अतीत भूलकर नया इतिहास रचने के लिए मन बना चुका है। गांधी जयंती के मौके पर राजभवन में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए राज्य के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, ह्लबापू हमेशा जम्मू-कश्मीर में शांति और प्रगति देखना चाहते थे। उन्होंने नई पीढ़ी से बापू के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।ह्व दरअसल राज्य के नौजवान भी समझ चुके हैं कि हिंसा और अशांति से उन्हें ही नुकसान होगा। इसलिए उनके हाथों में अब बंदूक और पत्थर नहीं हैं, बल्कि उनकी आंखों में शांति और आकांक्षाओं के सपने दिखाई देते हैं। आप कह सकते हैं कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र का महापर्व संपन्न हुआ है। सबसे पहले बीती मई में लोकसभा चुनाव हुए और फिर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुआ। यह भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया भर में चर्चा का केंद्र बिंदु बन गया है। केन्द्रशासित प्रदेश के 1.40 करोड़ नागरिकों ने संवैधानिक मूल्यों में अपनी आस्था दोहराई है और अपने मतदान के माध्यम से जम्मू-कश्मीर और देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया है। यह प्रमाण है कि पिछले चार-पांच वर्ष में भयमुक्त जम्मू-कश्मीर बनाने में बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्ष में किए गए कार्य, चाहे वह जमीनी स्तर पर लोकतंत्र का सशक्तीकरण हो या शांतिपूर्ण चुनाव कराना हो या विकास कार्य हो, इस बात का प्रमाण हैं कि जम्मू-कश्मीर अब विकास और खुशहाली के रास्ते पर चल पड़ा है। अब राज्य में स्कूल पूरे साल खुले रहते हैं। बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ रहे हैं।

हालिया चुनाव में, उन जगहों में जमकर मतदान हुआ जिन्हें अब तक आतंकवादी संगठनों के गढ़ के रूप में देखा जाता था। तीन चरणों में क्रमशः 61.38%, 57.31% और 69.65% मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर में देश के अन्य भागों की तरह ही इतने भारी मतदान से साफ है कि कश्मीर की जनता भी चुनावी लोकतंत्र को गंभीरता से लेनी लगी है। उच्च मतदान दर का एक कारण यह भी हो सकता है कि घाटी में लगभग सभी राजनीतिक मतों और विचारधाराओं की पार्टियों ने चुनाव में भाग लिया। अपने स्तर पर जमात-ए-इस्लामी भी शामिल रही चुनावों में, जिसने बीते समय के दौरान राज्य में चुनावों का बहिष्कार करने की पुरजोर वकालत की थी। कुल मिलाकर 90 सीटों के लिए 873 उम्मीदवार मैदान में थे। जमात ने स्वतंत्र उम्मीदवारों के रूप में या इंजीनियर रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी के सहयोगियों के रूप में चुनाव लड़ा। यह महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह संगठन नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुख्य वैचारिक दुश्मन रहा है। सीमापार से बार-बार आतंकवादी हमलों के कारण सुरक्षा बल, विशेष रूप से पीर पंजाल रेंज के दक्षिण में, तनाव में रहे हैं। लेकिन, सुरक्षा बलों की चौकसी ने निश्चित रूप से चुनाव बिना किसी हिंसा के सम्पन्न करवा दिए। यह तो मानना होगा कि जम्मू-कश्मीर तेजी से बदल रहा है। राज्य में 370 के हटने से पहले पत्थरबाजी की घटनाओं में सैकड़ों लोग घायल हो रहे थे और मारे जा रहे थे। सुरक्षाबलों पर हमले हो रहे थे, जिसमें अब 80-85 फीसद तक की कमी आई है। अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद केन्द्र सरकार ने घाटी में राज्य की पुरानी सभ्यता और संस्कृति को फिर से जीवित करने के लिए बड़ी योजना पर काम शुरू किया। इसके तहत आस्था के केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों को नया रूप दिया गया। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के मेले और महोत्सव लगाए गए। यह मेले और महोत्सव आतंकवाद पनपने के कारण सालों से बंद थे। 2023 में नियंत्रण रेखा के पास स्थित मां शारदा देवी मंदिर का नवनिर्माण कराकर आजादी के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया। सालों से बंद खीर भवानी मंदिर में फिर से दर्शन-पूजन का काम शुरू हुआ। खीर भवानी का मेला लगाया गया। इसमें पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। सरकार ने 123 पुराने स्थलों का व्यवस्थित रूप से जीर्णोद्धार और मरम्मत कराकर जनता के लिए फिर से खोल दिया। केन्द्र सरकार ने ऐतिहासिक हजरत बल दरगाह के विकास के लिए 42 करोड़ रुपये दिए। राज्य में जगह-जगह मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। महत्वपूर्ण यह भी है कि जम्मू-कश्मीर में 370 खत्म होने के बाद राज्य में पंचायती राज अधिनियम 1989 को लागू किया गया। इसके तहत लोकतंत्र के तीनों स्तरों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को लागू करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाना उद्देश्य था। इसके साथ ही पिछले लोकसभा चुनाव के समय राज्य की पांच लोकसभा सीटों के लिए लगभग 58 फीसद मतदान हुआ। इतना मतदान राज्य में बीते कुछ लोकसभा चुनाव के समय नहीं हुआ था। श्रीनगर के बाजारों में आम-खास जनों से बात कर-के लगता है कि अनुच्छेद 370 को राज्य का अवाम अगर पूरी तरह से भूला नहीं है, तो कम से कम उसकी चर्चा करने का उसके पास वक्त नहीं है। अब वह आगे निकलना चाहता है। उसे चाहत है अमन और रोशन मुस्तकबिल की। देश को भरोसा है कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद विकास की रफ्तार और तेज होगी।

# यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

यूपीआईटीएस 2024 का सहयोगी आयोजक वियतनाम रहा। जिसके राजदूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वियतनाम ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं आईटी के क्षेत्र में निवेश को लेकर उत्सुकता जाहिर की। इस मौके पर पिछले साल यानी 2023 के आयोजन की याद आना स्वाभाविक है।

**उमेश चतुर्वेदी**

पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है।

चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं।

इस आयोजन में एक पूरा और एक्सक्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का



केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की।

इस आयोजन का 14 और 15 नंबर का हॉल निर्यातकों के लिए विशेष तौर पर आरक्षित था। जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब सभी निर्यात होने वाले उत्पाद प्रदर्शित किए गए। ये हॉल विदेशी ग्राहकों को सबसे ज्यादा लुभाते दिखे। यहां जमकर खरीददारी भी हुई और ऑर्डर भी मिले। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसे देखने के लिए दुनियाभर से करीब 400 लोगों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कुछ विदेशी ग्राहक ऐसे भी थे, जो खुद यहां पहुंचे। विदेशी ग्राहकों और कंपनियों को यहां राज्य के उत्पादकों और निर्यातको को कारोबारी बैठक के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका राज्य को फायदा भी हुआ और करोड़ों रुपए के ऑर्डर भी मिले। ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, और रक्षा उत्पाद को भी इस हॉल में प्रदर्शित किया गया था।

इस आयोजन में शिक्षा से जुड़ी तमाम संस्थाएं जिनमें कुछ बड़े विश्वविद्यालय भी शामिल थे, ने युवाओं को अपनी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में पांच सत्रों का आयोजन किया गया, जो ई कॉमर्स ट्रेंड्स और अवसर, नवाचार और स्टार्टअप्स, देश की निर्यात क्षमता, आदि पर आधारित थे। इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला।

इस आयोजन की उपलब्धि ही कही जाएगी कि आयोजन के चौथे दिन उद्यमियों को अमेरिका, फ्रांस और जापानी कंपनियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए। इस दौरान बिरला एयरकॉन और सोनी के बीच जहां 50 करोड़ का करार हुआ, वहीं मदरसन कंपनी को 25 करोड़ के ऑर्डर मिले। इसी तरह आइसक्रीम की मशहूर कंपनी वडीलाल और जैन शिकंजी को 10-10 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। पूरे आयोजन में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

यूपीआईटीएस 2024 का सहयोगी आयोजक वियतनाम रहा। जिसके राजदूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वियतनाम ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं आईटी के क्षेत्र में निवेश को लेकर उत्सुकता जाहिर की। इस मौके पर पिछले साल यानी 2023 के आयोजन की याद आना स्वाभाविक है। तब आयोजन के पहले दिन यानी 21 सितंबर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली थी, हालांकि बाद के हर दिन को लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48 हजार लोग मेले में पहुंचे थे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वालों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई।

बहरहाल यूपीआईटीएस के बीते आयोजन में राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को नई उड़ान मिली है। इस दौरान राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों की जबरदस्त खरीदारी हुई। इस आयोजन के दौरान 75 हजार कारोबारी निर्यात के ऑर्डर भी मिले। इससे ऐसा लगता है कि राज्य के लघु उद्योगों को नई पहचान मिल रही है। इस बार का आयोजन पिछली बार की तुलना में एक कदम आगे रहा है। कभी उत्तर प्रदेश को भदेस और उसके उत्पादों को उपहास की नजर से देखा जाता था। लेकिन यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों के चलते उत्तर प्रदेश की पहचान भदेस से निकल रही है और राज्य नए सिरे से ना सिर्फ अपनी पहचान हासिल करता दिख रहा है, बल्कि राज्य के हस्तशिल्प और दूसरे उत्पादों को वैश्विक बाजार मिलता दिख रहा है।

# सार्थक पहल है एक साथ चुनाव

एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई थी। उन्होंने राष्ट्रपति रहते हुए एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार–बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

**सुरेश**

देश एक साथ चुनाव कराने की दिशा की ओर सार्थक कदम बढ़ा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के अपनी रिपोर्ट सौपने के बाद अब केंद्र सरकार एक साथ चुनाव कराने के अभियान को गति देने का प्रयास कर रही है। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना रहा कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। इसका मूल कारण यही है कि देश में चुनाव की प्रक्रिया बहुत जटिल-सी दिखाई देने लगी है। राजनीतिक दल हर समय किसी न किसी चुनाव की तैयारी में व्यस्त रहते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी जनता के काम करने में सीधा सरोकार नहीं रखते। जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना एक सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है।

वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है। केंद्र सरकार ने इस बारे आवश्यक प्रावधान बनाने की दिशा में भी कार्य प्रारंभ कर दिया है। इससे पूर्व एक साथ चुनाव कराने के लिए बनाई गई समिति ने सभी से रायशुमारी की। अधिकांश राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव का समर्थन किया। राजनीतिक दलों का यह सोच राष्ट्रीय दिशा की तस्वीर को और अधिक स्पष्ट करता है। इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हर किसी को यह कदम अच्छा ही लगेगा।

प्रायः देखा जाता है कि देश में सरकार के हर कदम का विरोध करना फैशन बन गया है। कमी देखने में बुराई नहीं है लेकिन कुछ अच्छा भी होता है, उसे भी बिना राजनीति के देखने के प्रयास किए जाने चाहिए। एक साथ चुनाव कराना भी ऐसा ही कदम है। अगर इसे राष्ट्रीय राजनीति के तौर पर देखेंगे तो यह अच्छा दिखाई देगा। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की इस बारे में राय अलग हो सकती है, क्योंकि उनको चुनाव के लिए एक या दो राज्यों तक ही सीमित रहना होता है। हालांकि उनको भी विधानसभा, लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में भाग लेना होता है।

एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई थी। उन्होंने राष्ट्रपति रहते हुए एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय चिंता का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। दुनिया के कई देशों ने भी इस प्रकार की नीतियां बनाई हैं, जिसके अंतर्गत एक साथ चुनाव कराए जाते हैं और वे देश विकास के पथ पर निरंतर रूप से आगे बढ़ते जा रहे हैं, तब भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता।


जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, राष्ट्रीय हित की दिशा में अनेक काम किए जा रहे हैं। इन कामों का वास्तविक स्वरूप भविष्य में सामने आएगा क्योंकि देश में लम्बे समय से एक मानसिकता बन गई थी कि अब भारत से समस्याओं का निदान संभव नहीं है। उस समय सरकारों के संकल्प में कमी दिखाई देती थी। सरकारें हमेशा इसी उधेड़बुन में लगी रहती थी कि हमारी सरकार कैसे बचे या हमारी सरकार कैसे फिर से बने। इसी कारण कई निर्णय ऐसे भी किए जाते रहे हैं, जिससे देश की विकास की गति बाधित होती गई और स्वतंत्रता के बाद देश को जिस रास्ते पर जाना चाहिए था, उस रास्ते पर न जाकर केवल स्वार्थी राजनीति के रास्ते पर चला गया। एक साथ चुनाव देश को सही रास्ते पर लाने की कड़ी का हिस्सा कहा जा सकता है। जनहित के साथ राष्ट्रीय हितों के प्रति सबको समर्थन देना ही चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय हित से बड़ा कुछ हो ही नहीं सकता।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# क्या वास्तव में ईश्वर है

## अध्यात्म

किसी आस्तिक से ईश्वर के बारे में तर्क-वितर्क करिए तो वह फौरन कहेगा, ईश्वर तो तर्क से परे है। ईश्वर, खुदा या गॉड के संदर्भ में सदियों से धार्मिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक भिन्न-भिन्न मत रखते हुए आ रहे हैं। आस्तिक जन कहते हैं, चूंकि इस सृष्टि को बनाने वाला कोई न कोई तो होना ही चाहिए, इसलिए ईश्वर है। इस पर नास्तिक लोग प्रश्न उठा देते हैं, फिर ईश्वर को बनाने वाला भी कोई अवश्य होना चाहिए। गालिब ने कहा है, 'यूं तो मालूम है, जन्नत की हकीकत, लेकिन दिल के बहलाने को गालिब यह ख्याल अच्छा है।' जहां तक हमारी बुद्धि काम करती है, हम किसी घटना के कारणों को मालूम कर लेते हैं, उसी के आगे ईश्वर की माया शुरू हो जाती है। संसार में होने वाले समस्त कार्य ईश्वर की मर्जी से सम्पन्न होते हैं। दुनिया भर में असंख्य लोग आंख बंद करके जिस पर विश्वास करते हैं, वह है ईश्वर। आज तक



ईश्वर को किसी ने नहीं देखा है, केवल उसके स्वरूप की अनेक कल्पनाऐं की गई हैं। ईश्वरीय सत्ता पर मानव के अगाध विश्वास का आधार है, ईश्वर की अपार शक्ति जिसके माध्यम से सब कुछ सम्भव है। तुलसीदास जी ने लिखा है,

**तात राम नहिं नर भूपाला। भुवनेस्वर कालहु कर काला।।**
**ब्रह्म अनामय अज भगवंता। ब्यापक अजित अनादि अनंता।।**

हे तात! राम मनुष्यों के ही राजा नहीं हैं। वे समस्त लोकों के स्वामी और काल के भी काल हैं। वे (संपूर्ण ऐश्वर्य, यश, श्री, धर्म, वैराग्य एवं ज्ञान के भंडार) भगवान हैं, वे निरामय (विकाररहित), अजन्मे, व्यापक, अजेय, अनादि और अनंत ब्रह्म हैं।

आत्मा का अस्तित्व है, तो परमात्मा भी निश्चित है - आत्मा और परमात्मा को समझाने के लिए अक्सर लोग दोनों की तुलना लोटे के जल और समुद्र के जल से करते हैं। लोटे और समुद्र के जल में मात्रा का चाहें जो भी फर्क हो, पर तत्व की दृष्टि से दोनों एक ही हैं। दोनों में हाइड्रोजन और ऑक्सीन के एक निश्चित अनुपात में मिश्रण है, इसलिए दोनों के गुण-धर्म भी एक हैं। शास्त्रों में मृत्यु के बाद आत्मा द्वारा ही नया शरीर धारण करने का उल्लेख किया गया है। आत्मा नया शरीर धारण करती है, तो इसका मतलब कि आत्मा का अस्तित्व है, और जब आत्मा का अस्तित्व है, तो परमात्मा भी निश्चित है।

## हेल्थ

### पुरुषों में बढ़ रहा अस्थमा

**दुनिया** भर के लाखों पुरुष फेफड़ों के कैंसर से प्रभावित हैं। फेफड़ों के कैंसर का सबसे महत्वपूर्ण कारक धूम्रपान है। बचपन की सबसे आम बीमारियों में से एक अस्थमा है। वैश्विक स्तर पर लगभग 10% 6 से 7 वर्ष की आयु के बच्चों को अस्थमा की समस्या का प्रचलन है। इसमें फेफड़ों की सूजन के कारण श्वसन मार्ग में सूजन हो जाती है, जिस कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। इसकी समस्या में फेफड़े में होने वाली सूजन यदि लंबे समय तक रहे तो यह कैंसर हो जन्म दे सकती है। पुरुषों में श्वसन संबंधी बीमारियां बहुत ही गंभीर समस्याएं हैं। डॉक्टर ऊष्मा सिंह, डायरेक्टर पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी एंड हेमाटोलॉजी, एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल सोनीपत,के मुताबिक श्वसन संबंधी बीमारियां जीवन की गुणवत्ता और आयु को बुरी तरीके से प्रभावित करती हैं। अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियां होने के लिए विभिन्न कारक है, जैसे- तंबाकू का सेवन, पर्यावरण में मौजूद प्रदूषण, अनुवांशिक इतिहास और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या। हमारा शरीर कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। कोशिकाएं खुद की मरम्मत करने में सक्षम होती हैं लेकिन जब कभी-कभी वह बहुत ही असामान्य तरीके से विकसित होने लगती है तो किसी गांठ या ट्यूमर के रूप में बदल जाती हैं। आमतौर पर यह श्वसन मार्ग की परत में शुरू होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# रेशम नगर भगैया दुर्गा प्रतिमा पंडाल की रूप रेखा देने में जुटे कारीगर

- भगैया में 1903 ईस्वी से मां दुर्गा की प्रतिमा किया जा रहा है स्थापित
- अंग्रेज शासन से लेकर अबतक शांति व्यवस्था साथ दुर्गा पूजा संपन्न होता आ रहा है।
- आदिवासी समुदाय के लोग नृत्य कर मां दुर्गा को करते हैं खुश

मेट्रो रेज




**गोड्डा/कुरगंगटी:** जिलेभर में तीन अक्टूबर से दुर्गा पूजा नवरात्रि शुरू हो गया है। मंदिरों में चंडी पाठ से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। दुर्गा मंदिरों में अष्टमी नवमी दशमी को लगने वाले विशाल मेला की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। इसी कड़ी में ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के रेशम नगर भगैया गांव के दुर्गा मंदिर समिति के सभी सदस्य भी मेला का भाव्य रूप देने में जुट गए हैं। मान्यता के अनुसार अगले नौ दिनों तक मां दुर्गा अब धरती पर रहेगी श्रद्धालुओं मां के स्वागत में जुटे हैं। रेशम नगर भगैया में हर साल दुर्गा पूजा बेहद भक्त तरीके से मनाया जाता है। दुर दराजों के इलाके भक्ति में दिखाते हैं। यहां बनने वाले पंडाल लोगों के लिए विशेष आकर्षण होता है इस बार भी बंगाल कारीगरों द्वारा अलग तर्ज.पर पंडाल बनाया जा रहा है। समिति अध्यक्ष, रुपेश कुमार, सचिव मीथुन कुमार कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार,ने बताया कि देश आजादी से पहले अंग्रेज शासन के समय 1903 में एक झोपड़ी में मां दुर्गा प्रतिमा का स्थापना किया गया था। 120 वर्षो से अबतक आगे भी मां भवानी प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि हर तीन साल में अध्यक्ष व सचिव का चयन किया जाता है। चुनाव कराकर नया गठन के बाद पुरा जिम्मेदारी नए सदस्य हाथों में सौंप दिया जाता है?। इस बार भी रेशम नगर भगैया दुर्गा मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा का पंडाल निर्माण उत्साह के साथ किया जा रहा है। प्रतिमा भव्यता का अनुभव करवातीं है। रेशम नगर भगैया दुर्गा मंदिर में प्रांगण में संध्या महा आरती का आयोजन किया जाएगा। पूजा समिति की ओर से नवमी एवं दशमी को जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूजा समिति की तरफ से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाता है। वोलेंटियर भी मेला को संभालने में लगे रहते हैं यहां निर्मित प्रतिमा के दर्शन व मेला घूमने के लिए आदिवासी व पहाड़ियां समाज के लोग पहाड़ से उतरते हैं। कुछ समुदाय अपने परिधान में नृत्य कर माता को खुश करते हैं। विधि व्यवस्था में निरज कुमार रवि, बंटी कुमार, विकेश कुमार, चंदन कुमार, प्रशांत कुमार आदि समिति सदस्य जुटे रहते हैं।

## अस्पताल में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

**साहिबगंज:** सदर अस्पताल के प्रशासनिक उपाधीक्षक डॉ मुकेश कुमार ने विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सदर अस्पताल का निरिक्षण किये। जहां उन्होंने सभी वार्ड का निरीक्षण किया और विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी सफाई कर्मी को सत्य निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अस्पताल कर्मी अपने समय पर ड्यूटी आए और ईमानदारी पूर्वक अपने ड्यूटी करें आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनके कष्ट को सुनकर उनका इलाज करें। समय-समय पर जांच करते रहें। फिर उन्होंने 24 घंटा चलने वाले सेंट्रल लैब का जायजा लिए। उन्होंने मरीजों को नियमित रूप से रात्रि सेवा भी देने का निर्देश दिया। इसी दौरान डॉ मुकेश ने बताया कि विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अस्पताल के सभी वार्डो का जायजा लिया लिया गया है। सभी को नियमित रूप से और ईमानदारी पूर्वक अपनी ड्यूटी करने का निर्देश दिया है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बुर्जूग महिला की इलाज के दौरान मौत

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदरजन्ना निवासी मसोमात मीना देवी 71 वर्ष को एक आवारा सांड ने पेट में घुसा मारकर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजनों के सहयोग से पास के ही एक डाक्टर के यहां भर्ती कराया गया। जहां बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर मौत के बाद परिजनों ने इसकी सूचना मुफस्सिल थाना प्रभारी को दिया ।जहां मुफस्सिल थाना प्रभारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। भतीजा मिथुन कुमार साह ने बताया की बड़ी कोदरजन्ना स्थित चौक पर घर है और वहीं पर बुद्धि चाची खड़ी थी ।तभी एक आवारा सांड ने उसे मार दिया ।जिससे वह दूर जा गिरी और पेट में गंभीर छोटे लगी।तभी इलाज के लिए आनन-फानन में गांव के एक स्थानीय डॉक्टर के पास लेकर गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करावा कर परिजनों को सौप दिया गया है मामले की छानबीन की जा रही है।

### रिसिविंग-सह-मतगणना केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह -उपायुक्त हेमंत सती ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए जा रहे रिसिविंग-सह-मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी में राजमहल, बोरिया, बरहेट, पोस्टल बैलेट, बृजगृह,सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, रिसिविंग गैलरी, मीडिया गैलरी, को लेकर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप,उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, जिरवाबाडी. थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे उपस्थित थे।

### हम एकजुट होकर करेंग मतदान : अनिल



**साहिबगंज :** शहर के मछुआ सोसाइटी में निषाद संघ जिला साहिबगंज का एक बैठक सह संकल्प सभा का आयोजन निषाद संघ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में किसी राजनीतिक दल के द्वारा अगर निषाद समाज को प्रत्याशी नहीं बनाती है। तो निषाद समाज अपने समाज का प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और मजबूती से चुनाव लड़ाएगी।प्रो0 अनिल कुमार सरकार ने कहा की निषाद समाज के दिशा और दशा बदलने के लिए हम एकजुट होकर अपने ही समाज के उम्मीदवार के पक्ष में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करेंगे।निषाद संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा निषाद समाज के स्वाभिमान पर अगर कोई चोट पहुंचती है और वोट लेने का प्रयास करता है तो यह जान ले की निषाद समाज वैसे लोगों को चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी और अपने सम्मान की रक्षा करेगी।बैठक में उदय कुमार मंडल,राम नरेश मंडल,वरुण कुमार मंडल,नरेश चंद्र मंडल,हुलास चौधरी,रामसागर चौधरी,रमेश मंडल,देवेंद्र कुमार चौधरी,हरिदास मंडल,अमरदीप सिंह,दीप नारायण मंडल, अशोक कुमार मंडल,गंगा प्रसाद सिंह,कृपानाथ मंडल,सुनील कुमार चौधरी,अमित कुमार मंडल,सरवन कुमार मंडल, निहार रंजन मंडल बादल मंडल, रामसेवक मंडल,शिव गोविंद चौधरी,निरंजन मंडल आदि हजारों की संख्या में लोग इस संकल्प सभा में उपस्थित हुए।

### विवादित बयान का एआईएमआईएम पार्टी ने थाने में किया शिकायत

**साहिबगंज/उधवा :** गाजियाबाद के डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के विवादित टिपण्णी को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के कार्यकताओं ने विरोध जताया है। जानकारी के अनुसार ऑल इंडिया मजलिस -ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के उधवा प्रखंड अध्यक्ष मो सलाहुद्दीन के नेतृत्व में रविवार को दर्जनों कार्यकर्ता ने यति नरसिंहानंद के खिलाफ राधानगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में बताया है कि यति नरसिंहानंद जो गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के डासना मंदिर के महंत हैं। उन्होंने हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एक भड़काऊ ब्यान दिया है। उन्होंने इस्लाम धर्म के पैगम्बर मुहम्मद साहब के विरुद्ध विवादित टिपण्णी किया है। उनके इस ब्यान से हमारे इस्लाम धर्म के प्रति भावनाओं को ठेस पहुंची है और समाज में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो सकता है। आगे बताया कि उनका यह भाषण स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक फैलाने और नफरत भड़काने का प्रयास है। वहीं एमआईएम कार्यकताओं ने आवेदन देकर यति नरसिंहानंद के खिलाफ उचित कानूनी धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग किया है। मौके पर राजमहल विधानसभा अध्यक्ष सेहबुद हुसैन, सचिव जिलानी, प्रखंड युवा अध्यक्ष मो दाऊद, प्रखंड उपाध्यक्ष मो इब्राहीम, हाफि ज हारुन, हाफि ज शाहजहां, वसीय अकरम, मो अश्फाक, हाफि ज मतीन, डॉ फरीद,दाऊद शेख,इस्माइल शेख, राकिद शेख, मोजीबुल हक,हाफि ज शफीक, दिलावर, नसीम, हाफि ज सईद सहित अन्य मौजूद थे।

### युवाओं को डायरी,पेन और कैप देकर किया गया सम्मानित



**साहिबगंज/बरहरवा :** युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय युवा भारत साहिबगंज ने साइंस कोचिंग सेंटर,केदुआ के युवा साथियों के डायरी पेन और कैप देकर सम्मानित किया।यह कार्यक्रम नेशनल यूथ वॉलिंटियर अजीत कुमार के अध्यक्षता में हुआ। साथ ही उन्होंने युवा साथियों से आवाहन किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर ₹माय युवा भारत₹ पोर्टल लॉन्च किया है।इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करके,आप युवाओं के बीच समान अवसर प्रदान करने और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने में योगदान दे सकते हैं।कोचिंग संस्था के शिक्षक संजय पंडित ने कहा कि यह पोर्टल,युवाओं को सामाजिक गतिशीलता,शैक्षिक समानता,और व्यावहारिक कौशल के जरिए सशक्त बनाने का काम करता है।इस दौरान शिक्षक राहुल पंडित,छात्रा नैंसी गुप्ता,कीर्ति कुमारी,किरण कुमारी,मनीषा कुमारी,आशीष कुमार,वृंदावन पंडित,हरिदास पंडित,दीपक पंडित,यदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# तीन युवकों से मारपीट कर नगदी व मोबाइल फोन छीने



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के फुदकीपुर - मारोपुर आरईओ सड़क पर बहियार में देर रात्रि बाइक सवार तीन युवकों के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट की वारदात को अंजाम दिया है। सभी आरोपित बाइक सवार युवकों के साथ मारपीट कर नगद रुपए और मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दरगाह डांगा गांव के दो युवक एवं पहाड़ गांव के एक युवक एक ही बाइक पर सवार होकर फुदकीपुर से उधवा की ओर लौट रहे थे। इस दौरान फुदकीपुर - मारोपुर सड़क के बीचो बीच तीन मोहानी एक पुलिया के पास बाइक सवार तीनों युवक शौच करने के लिए रुक गए। तभी तीन बाइक पर सवार करीब आठ से दस की संख्या में अज्ञात लोग मौके पर पहुंचकर तीनों युवकों के साथ मारपीट करने लगे। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। वही कुछ दूरी पर बाइक को आता देख दो बाइक पर सवार होकर अज्ञात लोग भागने में सफल हो गए। एक बाइक को घटनास्थल के पास ही छोड़ दिया। बताया जा रहा है उन लोगों के पास से तीन मोबाइल और नगदी की छिनतई की गई है। इस संबध में स्थानीय पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। थाने में अभी तक किसी तरह की कोई शिकायत दर्ज नही की गई है। शिकायत करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी नियमानुसार शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुई रानी झा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत बोरियो प्रखंड अंतर्गत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ में रविवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रफुलचंद सिंह को सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सामान समारोह आयोजित कर शिक्षकों ने विदाई दी।मालूम हो कि प्रफुल चंद सिंह 27 मार्च 1991 को गोड्डा जिला में बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्त हुए थे।झारखंड राज्य के कई जिलों में अपनी सेवा देने के बाद 30 सितंबर 2024 को सेवा निवृत्त हुए।अपने 33 वर्षों के कार्यकाल में बेदाग उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में कई अहम कार्य किए।यह बातें कई शिक्षक ने उदगार संबोधन में कहा।डा रानी झा ने कही सरकारी नियमानुसार शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए है,परंतु उनके कार्यकाल में शिक्षकों को मिला सम्मान,स्नेह एवं दिया गया मार्ग दर्शन सदा याद रहेंगी।वही सेवा निवृत्त शिक्षक बिधूनाथ आचार्य भिखारी साह,जंग बहादुर ओझा,विकाश चौधरी सहित अन्य कई शिक्षक ने भी उनके कार्यकाल के बारे में अपनी अपनी बातों को कहा।जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने कहा कि जब भी कोई समस्या आ जाती थी,उन्हें याद किया जाता था।अपने अनुभव से समस्या ससमय हल करने की अद्भुत क्षमता उनमें थी।काम की बोझ सरकारी सेवा में आए दिन बढ़ रहा है जिससे परिवार के साथ कम समय सरकारी सेवक दे पाते है।अब वे परिवार के बीच समय देगें।वही कहा ज्ञान पद से नहीं बल्कि अनुभव से मिलता है। सेवानिवृत होकर जा रहे हैं परंतु जहां भी मुझे आवश्यकता पड़ेगी उनसे मार्गदर्शन लूंगा।वही अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने सेवानिवृत्ति के बाद का कार्यकाल का अच्छे स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवन की कामना की।सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा सम्मान अमूल्य है।आज सेवा निवृत्ति के 6 दिनों में आठवां सम्मान समारोह आयोजित कर मुझे सम्मान दिया गया।

हमारे सहयोगियों ने अच्छा काम किया उसी का श्रेय मुझे मिल रहा है। जिसका मैं नहीं सच में आप है। आपने अच्छा काम कर मुझे विभाग से बेदाग छवि से सेवा निवृत्त करवाया।प्रथम स्थान सम्मान का आपका हैं,उसके बाद मेरा स्थान हैं।लोहंडा मध्य विद्यालय के शिक्षक अनमोल झा ने उनके संबंध में तैयार किया गया अभिनंदन पत्र का वाचन किया।मंच संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक विभीषण पासवान व धन्यवाद ज्ञापन उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ के शिक्षक अनिल कुमार यादव ने किया।वही आज ही 30 सितंबर 2024 को सेवानिवृत्त उर्दू मध्य विद्यालय मदन शाही के सहायक अध्यापक शमशेर अली को भी भावभीनी विदाई दी गई।मौके पर सहायक अध्यापक विकास चौधरी,अशोक साह, जितेंद्र हरि,नीरज कुमार सिंह विभाष भारती,अर्चना कुमारी, अगस्तीन हेंब्रम, सैमुअल मुर्मू, अनुजा सिंह आर्य,फलोरिया हेंब्रम,निशि वाला मरांडी,स्वर्णालता वर्मा,नतालिया मुर्मू सुनील कुमार ठाकुर,सहित दर्जनों सेवानिवृत्त, कार्यरत शिक्षक,शिक्षा विभाग के लिपिक, झारखंड शिक्षा परियोजना के सीआरपी एवं बीआरपी मौजूद थे।

# राशन कार्ड में वृद्धा को मृत घोषित कर एक साल से राशन से रखा है वंचित

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/उधवा :** गरीबों की थाली खाली ना हो इसके लिए सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों के लिए राशन कार्ड के माध्यम से मुफ्त राशन मुहैया करा रही है। लेकिन सरकार के इस योजना के लाभ से एक वृद्ध असहाय महिला को करीब एक वर्ष से राशन से वंचित करके रखा गया है। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चांद शहर पंचायत की 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुरा बीबी राशन के लिए परेशानी में है। बताया जा रहा है कि उक्त बुजुर्ग महिला को राशन कार्ड में मृत घोषित कर दिया है। जबकि वह जीवित है। उक्त वृद्ध महिला चांदनी स्वयं सहायता समूह के कार्डधारक है। जिनका राशन कार्ड संख्या 202001296497 है। वे सरकार के मूलभूत सुविधा की कमियों का शिकार हो रही है। वे राशन के लिए इधर उधर भटककर अपनी मुश्किल को सभी के साथ साझा कर रही है। वे बताते है की उसे करीब एक वर्ष से राशन से वंचित करके रखा है। जबकि पूर्व में उसे राशन उपलब्ध हो रहा था। वे बताते है। कि जब राशन डीलर के पास राशन उठाव के लिए पहुंचती हु तब डीलर के द्वारा कहा जाता है कि आपका नाम राशन कार्ड से कट गया है। डीलर द्वारा गोल मटोल बात कहकर उसे भगा देता है। एक वर्ष से अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जिससे वे काफी परेशानी है। लाचार वृद्ध महिला की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। पति की मृत्यु को करीब 7 वर्ष हो गए। उसके पति के मृत्यु के बाद उसका एक ही लड़का है। महिला लकवा से ग्रसित भी है। अनाज के एक एक कण की मोहताज सुरा बीबी लोगों से मदद की गुहार लगा रही है। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं होने पर वे मायूस है। गरीब से जूझ रहे सुरा बीबी प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# बूढ़ा पहाड़ में सर्च ऑपरेशन, मिले हैंड ग्रेनेड

मेट्रो रेज

**गढ़वा :** बूढ़ा पहाड़ में एक अरसे के बाद विस्फोटक बरामद हुआ है. इस विस्फोटक को बूढ़ा पहाड़ में तराई में मौजूद थलिया इलाके से बरामद किया गया है. विस्फोटक बरामद होने के बाद सीआरपीएफ की टीम इलाके में सर्च अभियान चला रही है. सीआरपीएफ 172 बटालियन की टीम बूढ़ा पहाड़ के थालिया के इलाके में एंटी नक्सल सर्च अभियान चला रही थी. इसी सर्च अभियान में थलिया गांव में एक पेड़ के पास सीआरपीएफ के जवानों ने संदिग्ध सामग्री को देखा था. इसके बाद में जब मौके पर सर्च अभियान चलाया गया तो वहां से विस्फोटक बरामद हुआ है. इसमें दो ग्रेनेड को दो पेड़ों के बीच लगाया गया था, जिसे आपस में जोड़ा गया था जबकि छह डेटोनेटर भी मौजूद थे. सीआरपीएफ के जवानों ने ग्रेनेड और डेटोनेटर को जब्त कर लिया है. इस संबंध में गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया सीआरपीएफ के जवान सर्च अभियान पर निकले थे. इसी क्रम में रविवार को उन्हें थलिया गांव में विस्फोटक बरामद हुआ है.

# दर्जनों लोगों ने झारखंड मजदूर संघ का सदस्यता किया ग्रहण



**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखण्ड के गुणिहारी पंचायत के नागेश्वर बाग में शिव मंदिर के निकट झारखंड मजदूर संघ प्रजा0केन्द्रीय महामंत्री राजकुमार यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई।इस दौरान जमुना राय दुर्योधन,साहसमीर शेख,अजय राय,वासुदेव शाह,रीना देवी,सुष्मिता कुमारी,जगरनाथ शाह,सुमित सहित दर्जनों मजदूरो ने संघ की सदस्यता ग्रहण किया।वही केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने मजदूरों के साथ बातचीत करने के दौरान पाया गया कि काफी संख्या में मजदूरों का पलायन रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य में भटक रहा है,विद्यालय में शिक्षा की कमी,अस्पताल में डॉक्टर की कमी,मनरेगा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य कई समस्याओं पर खुलकर बातें हुई। वही संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की झारखंड सरकार मजदूरों को रोजगार देने,विस्थापन जैसी विकराल समस्या को दूर करने में असफल रही है।मौके पर रवि घोष,फूल कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# पांडू पुलिस ने करायी खेलकूद प्रतियोगिता थाना प्रभारी ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

मेट्रो रेज

**पलामू :** पांडू प्रखंड के मुसीखाप यज्ञशाला खेल मैदान में रविवार को पांडू पुलिस के द्वारा पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने व संचालन आशुतोष पांडेय ने किया. प्रतियोगिता में मुख्य रूप से पांडू जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भाई गोबिंद सिंह, पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह एंव प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू रणबीर कुमार, मुसीखाप न्यू दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष छोटन शर्मा उपस्थित रहे. मौके पर भाई गोबिंद सिंह ने कहा पांडू पुलिस के द्वारा यह जो कार्यक्रम कराया गया वह काबिले तारीफ है.

प्यह पहला मौका है जहां पांडू थाना प्रभारी के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम कराया गया हो. उन्होंने पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप इसी तरह थाना क्षेत्र में कार्य करते रहें, हम सभी आपके साथ हैं. पांडू प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू सिंह ने कहा, इस तरह की खेल प्रतियोगिता होने से बच्चों में एक अलग निखार आयेगा. बच्चे बढ़ चढ़कर इसमें भाग लेंगे. इसी के माध्यम से बच्चे काफी आगे तक जा सकते हैं. थाना प्रभारी बधाई के पात्र हैं. खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ (जूनियर )100मीटर दौड़ सीनियर, 400मीटर दौड़, लंबी कूद, लड़की के लिए 100मीटर दौड़, म्यूजिक चेयर,फुटबॉल आदि खेले गये. प्रभारी कुमार सौरभ ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं. बच्चे आजकल अधिकतर समय मोबाईल गेम खेलने में बिता रहे हैं, जो कि गलत है. खेल में भी उज्जवल भविष्य तलाशा जा सकता है, जरूरत है सही मार्गदर्सन की. उन्होंने उपस्थित बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, आप खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लें, पांडू पुलिस आपके साथ है. मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव, हरषु शर्मा, सुरेंद्र सिंह, डॉ राधेश्याम साहू, सेवानिवृत शिक्षक रामबेलास सिंह, पंकज पांडेय, चंदन यादव, पंकज शर्मा, शिक्षक सकील हैदर, निरंजन कुमार, जय गुरुदेव प्रजापति, सुरेंद्र चंद्रवंशी, सतबीर सिंह, सफीर अंसारी,सोनू, राहुल पांडेय, प्रिंस पांडेय के अलावी सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

## कोरियोग्राफर जानी मास्टर का नेशनल अवॉर्ड सरकार ने लिया वापस



**साउथ** से लेकर बॉलीवुड तक अपने डांस की छाप छोड़ने वाले कोरियोग्राफर जानी मास्टर एक बार फिर मुश्किल में हैं। जानी मास्टर रेप के आरोप में 19 सितंबर से जेल में हैं। जानी मास्टर ने कई फिल्मों में अपने डांस का हुनर दिखाया है। इसी उपलब्धि के लिए उन्हें फिल्म थिरुचिथम्बलम के गाने मेघम करुक्कथा के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना था। लेकिन अब भारत सरकार ने इस पुरस्कार को वापस लेने की घोषणा कर दी है। मास्टर जानी के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें 8 अक्टूबर को राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए भी जमानत दी गई थी।

**कोरियोग्राफर 14 दिनों से पुलिस हिरासत में हैं** : जानी मास्टर को 19 सितंबर को गोवा से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें गोवा से हैदराबाद लाया गया था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानी मास्टर पर पॉक्सो का आरोप लगाया गया है। कोरियोग्राफर की एक महिला सहायक ने दावा किया कि 2020 में मुंबई में जानी मास्टर ने उसका यौन उत्पीड़न किया था। साथ ही उसे इस बारे में किसी को न बताने की धमकी भी दी गई थी।

लेकिन अब भारत सरकार ने उनका पुरस्कार और निमंत्रण वापस ले लिया है। सरकार ने उनके खिलाफ हुए अपराध की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला लिया है। साथ ही अब जानी मास्टर को इस कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रभाग की ओर से शुक्रवार को एक सर्कुलर जारी किया गया है। अखबार का कहना है कि जानी मास्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार वापस लिया जा रहा है। इंद्राणी बोस ने पत्र में उल्लेख किया है कि आरोपों की गंभीरता और अदालती मामले के कारण, 2022 के लिए शेख जानी के सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी के राष्ट्रीय पुरस्कार को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। इस बीच, जानी मास्टर ने 8 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के लिए जमानत ले ली है। लेकिन अब आमंत्रण के साथ-साथ अवॉर्ड भी वापस ले लिया गया है।

# अनु अग्रवाल कैमरे के सामने हुई टॉपलेस, फोटो देख भड़के नेटिजन्स

**फिल्म** 'आशिकी' से रातों-रात बॉलीवुड में खास जगह बनाने वाली एक्ट्रेस अनु अग्रवाल हमेशा चर्चा में रहती हैं। अनु की जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने खुद को कभी थकने नहीं दिया। अनु अग्रवाल ने अपने करियर के दौरान कई फिल्मों में काम किया। लेकिन, जितनी तेजी से वह सफलता के शिखर पर पहुंचीं, उतनी ही तेजी से वह बॉलीवुड से गायब भी हो गईं। फिलहाल अनु सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। 55 साल की उम्र में भी अनु अपने ग्लैमरस फोटोशूट को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। इसी बीच अब अनु की एक फोटो सबका ध्यान खींच रही है। इस फोटो को देखने के बाद लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। 'आशिकी गर्ल' अनु अग्रवाल ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक बेहद बोल्ड सेमी-न्यूड फोटो शेयर की है। इस फोटो में अनु शीशे के सामने खड़ी हैं। उन्होंने अपने शरीर को तौलिये से पूरी तरह ढका हुआ है और सेल्फी ले रही हैं। अपने बालों को बैंगनी रंग के तौलिये में भी लपेटा हुआ था। इस फोटो की वजह से उन्हें इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों का कहना है कि एक्ट्रेस की ये फोटो बेहद अजीब लग रही है। जैसे ही इस फोटो पर कमेंट्स आने शुरू हुए तो एक्ट्रेस ने अपना कमेंट सेक्शन बंद कर दिया है।



**नेटिजन्स कर रहे हैं ट्रोल** 55 साल की उम्र में अनु अग्रवाल ने ऐसा बोल्ड फोटोशूट कराया है, जो इस वक्त सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींच रहा है। हालांकि, कुछ लोगों को उनका ये लुक पसंद नहीं आया। ऐसे में वह एक्ट्रेस को ट्रोल करते हुए उन्हें सलाह दे रहे हैं कि वह नवरात्रि के दौरान ऐसे काम न करें। एक्ट्रेस अनु अग्रवाल की ये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस फोटो के सामने आते ही फैंस का गुस्सा फूट पड़ा। इस फोटो पर लोगों ने कमेंट कर उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाई है। फिलहाल एक्ट्रेस ने कमेंट सेक्शन बंद रखा है। हालांकि एक यूजर ने इस पर कमेंट करते हुए लिखा कि, 'आज से आपके लिए सम्मान कुछ और कम हो गया है।'एक अन्य यूजर ने लिखा कि, 'नवरात्रि में कम से कम थोड़ी समझदारी तो रखनी चाहिए।' एक अन्य शख्स ने कहा, 'वैसे अब इसकी क्या जरूरत है...' इस फोटो पर कई कमेंट्स आ रहे हैं।

## मध्य प्रदेश सरकार राजकुमार हिरानी को देगी किशोर कुमार सम्मान अवॉर्ड

**मध्य प्रदेश** सरकार ने लीजेंडरी किशोर कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए फेमस डायरेक्टर राजकुमार हिरानी को प्रेस्टीजियस किशोर कुमार सम्मान 2023 से नवाजने का फैसला किया है। यह सम्मान समारोह 13 अक्टूबर को खंडवा में उनकी डेथ एनिवर्सरी पर आयोजित किया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले इस इवेंट को इंडियन सिनेमा के महानायक को समर्पित किया गया है। राजकुमार हिरानी इंडियन सिनेमा के बेहतरीन फिल्म मेकर्स में से एक हैं, जो अपनी फिल्मों के माध्यम से हमेशा सामाजिक मुद्दों को उजागर करते आए हैं। अब इस इवेंट में उन्हें इंडस्ट्री में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। राजकुमार हिरानी अपनी क्लासिक फिल्मों 3 इडियट्स, पीके, संजू, मुन्ना भाई एमबीबीएस और डोंकी के लिए जाने जाते हैं। 2024 में वह इंडियन सिनेमा में 20 साल पूरे कर रहे हैं। उन्होंने 2003 में मुन्ना भाई एमबीबीएस से करियर शुरू किया था। यह अवार्ड इस मील का पत्थर मानते हुए उनके योगदान को और भी खास बनाता है। कई सालों से कई नामी सेलिब्रिटीज जैसे अमिताभ बच्चन, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, और शत्रुघ्न सिन्हा को किशोर कुमार सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा प्रोड्यूसर्स, डायरेक्टर्स और लिरिसिस्ट भी इस सम्मान का हिस्सा रहे हैं। इस साल राजकुमार हिरानी को यह अवॉर्ड भोपाल के कल्चरल डिपार्टमेंट की ओर से दिया जाएगा, जो उन्हें भारतीय सिनेमा के दिग्गजों में और भी ऊंचा दर्जा दिलाएगा। इस इवेंट में किशोर नाइट भी शामिल होगी, जो किशोर कुमार को समर्पित एक स्पेशल म्यूजिकल श्रद्धांजलि होगी। मुंबई के मशहूर गायक नीरज श्रीधर और उनकी टीम किशोर दा के कुछ सबसे पसंदीदा गाने पेश करेंगे। यह उनके एवर ग्रीन म्यूजिक लवर्स के लिए एक पुरानी यादों को ताजा करने वाली रात होगी। किशोर कुमार की जिंदगी और विरासत का ये उत्सव राजकुमार हिरानी को सम्मानित करने के साथ ये सुनिश्चित करता है कि किशोर कुमार का प्रभाव आगे आने वाली पीढ़ियों के फिल्म मेकर्स और मुजिशियंस को प्रेरित करता रहेगा।



## रियल मैड्रिड के स्टार राइट-बैक डैनी कार्वाजल को करानी होगी घुटने की सर्जरी

एजेंसी



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के स्टार राइट-बैक डैनी कार्वाजल को विलारियल के खिलाफ ला लीगा में मैड्रिड के आखिरी मैच के दौरान घुटने में चोट लग गई। स्पैनियार्ड कई वर्षों से लॉस ब्लैंकोस बैक लाइन का नेतृत्व कर रहे हैं और उनकी चोट स्पेनिश क्लब के लिए एक झटका होगी। विलारियल के खिलाफ, रियल मैड्रिड ने 2-0 से जीत हासिल की और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इससे पहले रविवार को, रियल मैड्रिड ने एक बयान जारी किया और कहा कि कार्वाजल के दाहिने पैर में पॉप्लिटस टेंडन फट गया है और आने वाले दिनों में उसकी सर्जरी होनी है। रियल मैड्रिड ने कहा, 'रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा डैनी कार्वाजल पर किए गए परीक्षणों के बाद, खिलाड़ी के दाहिने पैर में फटे हुए पूर्ववर्ती क्रूसिएट लिगामेंट, फटे हुए बाहरी कोलेटरल लिगामेंट और फटे हुए पॉप्लिटस टेंडन का पता चला है। आने वाले दिनों में उसकी सर्जरी होगी।' विलारियल के खिलाफ मैच की समाप्ति के बाद लॉस ब्लैंकोस के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा कि कार्वाजल की चोट पूरी टीम को प्रभावित करेगी। उन्होंने रियल मैड्रिड की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, 'जब डैनी जैसे खिलाड़ी के साथ ऐसा कुछ होता है, जो हमेशा प्रेरित रहता है, तो इसका असर सभी खिलाड़ियों और पूरी टीम पर पड़ता है। हमें जवाब देना होगा। पिछले साल हमने अपनी चोटों पर बहुत अच्छी प्रतिक्रिया दी थी और इस साल हमें यह सुनिश्चित करने के लिए और प्रयास करने होंगे कि चोटें बाकी टीम के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें, जैसा कि पिछले साल हुआ था।' रियल मैड्रिड के साथ कार्वाजल ने 427 खेलों में 26 ट्रॉफियाँ हासिल की हैं, जिनमें चैंपियंस लीग (6), क्लब वर्ल्ड कप (5), यूएफा सुपर कप (5), ला लीगा खिताब (4), कोपा डेल रे (2) और स्पेनिश सुपर कप (4) शामिल है। कार्वाजल उन पाँच खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने 6 यूरोपीय कप जीते हैं। 1 जून को वेम्बली में उन्हें चैंपियंस लीग फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जब रियल मैड्रिड ने अपना 15वां यूरोपीय कप जीता। अपने आगामी मैच में, रियल मैड्रिड 20 अक्टूबर को ला लीगा में सेल्टा विगो से भिड़ेगा।

# हमारे बल्लेबाजों को नहीं पता कि 180 रन कैसे बनाएं : नजमुल हुसैन शांतो

एजेंसी



**ग्वालियर।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने रविवार को स्वीकार किया कि पावरप्ले का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में उनकी विफलता टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्हें नुकसान पहुंचा रही है।

भारत ने ग्वालियर में तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को 49 गेंदें शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश के लिए पावरप्ले में यह एक और विफलता थी क्योंकि बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने के बाद उन्हें पहले छह ओवरों में केवल 39 रन मिले और अंततः 127 रन पर आउट हो गए। दूसरी ओर, भारत ने पावरप्ले में 71 रन बनाए और 11.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

पावरप्ले बल्लेबाजी काफी समय से टी20आई में बांग्लादेश के लिए एक समस्या रही है और उनका संघर्ष जारी रहा, साथ ही टीम लंबे समय तक अपने ओपनिंग संयोजन से भी जूझती रही। लिटन दास (4) ने पहले ओवर में एक लापरवाह शॉट खेला जिससे वह पवेलियन लौट गए, जबकि परवेज हुसैन इमोन, जो कुछ समय बाद टी20आई क्रिकेट में लौटे थे, अर्शदीप की गेंद पर बोल्ड हो गए।

इस मैच में बांग्लादेश की ओपनिंग साझेदारी केवल 5 रन की थी। कुल मिलाकर, बांग्लादेश के लिए पिछली आठ पारियों में सलामी साझेदारी ने केवल 69 रन का योगदान दिया है, जिसमें उच्चतम 35 रन है, जो टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय रहा है। माधव राव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में पहले मैच के बाद नजमुल ने संवाददाताओं से कहा, 'पावरप्ले निश्चित रूप से चिंता का विषय है। हमने खेल से पहले जिस दृष्टिकोण के बारे में बात की थी, वह यह था कि अगर हम बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हैं तो हमें फायदा होगा। हमें पहले छह ओवरों में विकेट बचाए रखने होंगे और उनमें रन बनाने होंगे। अन्यथा, जो अगले बल्लेबाज आएंगे, उनके लिए यह बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। हमने पावरप्ले में संघर्ष किया है। पावरप्ले में बल्लेबाजी करने वालों को अधिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। नजमुल के अनुसार कौशल-सेट और मानसिकता दोनों टीमों के बीच अंतर के मुख्य बिंदु हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम उतनी खराब नहीं है, जितनी भारत के खिलाफ पहले मैच के बाद लग रही थी।

नजमुल ने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने खराब खेला। हम इससे बेहतर टीम हैं। हमने लंबे समय से इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम इतनी खराब टीम हैं। मैं किसी एक खिलाड़ी के बारे में बात नहीं करना चाहता। मुझे लगता है कि बल्लेबाजी इकाई ने आज अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हम जिस तरह से स्कोरिंग करते हैं, उसमें आक्रामकता होगी, लेकिन कभी-कभी हमें गेंदों का सही चयन करना होता है। हम इसके बारे में सोचेंगे, लेकिन हम अपने दृष्टिकोण को बदलने में जल्दबाजी नहीं कर सकते।'

उन्होंने कहा, 'हमारे पास क्षमता है, लेकिन हमारे कौशल में सुधार की गुंजाइश है। हम पिछले दस सालों से इस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं। कभी-कभी हम अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमें कुछ बदलाव करने होंगे, शायद जहां हम घर पर अभ्यास करते हैं। हम घर पर 140-150 विकेट पर खेलते हैं। हमारे बल्लेबाज 180 रन बनाना नहीं जानते। मैं सिर्फ विकेटों को दोष नहीं दूंगा, लेकिन हमें कौशल और मानसिकता पर विचार करना होगा।'

## गर्दन की चोट के कारण ब्राजील के विश्व कप क्वालीफायर से बाहर हुए विनीसियस जूनियर

एजेंसी



**साओ पाउलो।** ब्राजील के फारवर्ड विनिसियस जूनियर चोट के कारण चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे, जिससे वह टीम में प्रतिस्थापित होने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। ब्राजील फुटबॉल संघ (सीबीएफ) ने रविवार को उक्त जानकारी दी।

विनिसियस जूनियर के क्लब रियल मैड्रिड ने कहा कि शनिवार को विलारियल के खिलाफ 2-0 की घरेलू जीत के दौरान विनीसियस को गर्दन में चोट लग गई थी। सीबीएफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि फुलहम के मिडफील्डर एंड्रियास परेरा को उनकी जगह लेने के लिए बुलाया गया है।

विनीसियस की चोट ने कोच डोरिवल जूनियर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, क्योंकि आठ मैचों के बाद 10 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ के विश्व कप क्वालीफाइंग स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील को 10 अक्टूबर को सैंटियागो में चिली का सामना करना है, उसके बाद पांच दिन बाद ब्रासीलिया में पेरू की मेजबानी करनी है।

10 टीमों में से शीर्ष छह टीमें विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करती हैं।

डोरिवल को पहले ही लुकास बेराल्डो, वेवर्टन और एलेक्स टेल्स को ब्रेमर, एलिसन और गिलहर्मे अराना की जगह लेने के लिए बुलाना पड़ा था, जो सभी चोटिल हैं।

## महिला टी-20 विश्व कप : भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह कठिन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान को दुबई में पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत के साथ पुनर्जीवित किया, जबकि पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड से 52 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से भारत को ग्रुप ए में अपने पहले अंक मिले, जबकि पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराकर अपना खाता पहले ही खोल लिया था। ग्रुप-स्टेज के दो मैच बचे हैं, ऐसे में भारत को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए दोनों मैच जीतने होंगे। प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी और भारत अधिकतम छह अंक तक पहुंच सकता है। उस स्थिति में, यदि न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है, तो भारत के लिए क्वालीफाई करने के लिए छह अंक पर्याप्त होंगे, बशर्ते पाकिस्तान अपने बचे हुए मैचों में से केवल एक ही जीत ले।

यदि पाकिस्तान और भारत अपने बचे हुए प्रत्येक मैच जीत जाते हैं और न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत जाता है, तो छह अंकों पर तीन-तरफा टाई होगी जिसे नेट रन रेट के माध्यम से हल किया जाएगा।

अगर भारत श्रीलंका को हराने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार जाता है, तो उसकी क्वालीफिकेशन की उम्मीदें दूसरे नतीजों पर निर्भर होंगी। इसके लिए न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों से हारना होगा या ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना होगा। उस स्थिति में, तीन टीमें चार अंकों पर बराबर होंगी और नेट रन रेट दूसरे क्वालीफायर का निर्धारण करेगा।



# तीन साल बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में वापसी करना मेरे लिए पुर्नजन्म जैसा : वरुण

**ग्वालियर।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि तीन साल बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में वापसी करना उनके लिए पुनर्जन्म जैसा था। वरुण ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के पहले टी20आई मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे, जहां उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट लिए। ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ खेलने से पहले वरुण आखिरी बार 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ भारत के लिए खेले थे। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20आई मैच की समाप्ति के बाद वरुण ने कहा कि तीन साल बाद भारत के लिए खेलना उनके लिए भावनात्मक था। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए किसी को अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में बने रहने की जरूरत है। वरुण ने कहा, 'तीन लंबे सालों के बाद यह मेरे लिए निश्चित रूप से भावनात्मक था और ब्लूज में वापस आकर अच्छा लग रहा है, यह पुनर्जन्म जैसा लगता है। कई चुनौतियाँ रही हैं। एक बार जब आप भारतीय टीम में नहीं होते हैं, तो लोग आपको बहुत आसानी से खारिज कर देते हैं। आपको उच्चतम स्तर पर बने रहने की जरूरत होती है, बार-बार आपको दरवाजा खटखटाना पड़ता है। शुक्र है कि इस बार ऐसा हुआ और उम्मीद है कि मैं अपना अच्छा काम जारी रख पाऊँगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बस प्रक्रिया से जुड़ा रहना चाहता हूँ क्योंकि मैं आईपीएल में भी इसी का पालन करता रहा हूँ। इसलिए मैं अभी जो है उससे आगे नहीं जाना चाहता। मैं बस वर्तमान में रहना चाहता हूँ। इसलिए मैं बहुत ज्यादा सोचना या बहुत ज्यादा व्यक्त करना नहीं चाहता।' भारत ने टॉस जीतकर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में फील्डिंग करने का फैसला किया। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (25 गेंदों पर 27 रन, 1 चौका और 1 छक्का) और मेहदी हसन मिराज (32 गेंदों पर 35* रन, 3 चौके) बांग्लादेश के शीर्ष स्कोरर रहे। बांग्लादेश की टीम 127 रन पर ढेर हो गई। अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने अपने-अपने स्पेल में तीन-तीन विकेट लिए, जबकि वाशिंगटन सुंदर, मयंक यादव और हार्दिक पांड्या ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भारतीय टीम ने हार्दिक पांड्या (16 गेंदों पर 39* रन, 5 चौके और 2 छक्के) संजू सैमसन (19 गेंदों पर 29 रन, 6 चौके) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (14 गेंदों पर 29 रन, 2 चौके और 3 छक्के) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 11.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान और मेहदी हसन मिराज ने 1-1 विकेट लिया। गेंद से शानदार प्रदर्शन के लिए अर्शदीप सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

## ग्लोबल सुपर लीग टी-20 का उद्घाटन संस्करण 26 नवंबर से

**गुयाना।** एक नए क्रिकेट टूनार्मेंट ग्लोबल सुपर लीग टी-20 का पहला संस्करण 26 नवंबर से 7 दिसंबर 2024 तक खेला जाएगा, जिसमें पांच अलग-अलग देशों की पांच टीमें 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की महत्वपूर्ण पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस आयोजन में गुयाना अमेजन वॉरियर्स और दुनिया भर की चार अन्य स्थापित टी20 टीमें भाग लेंगी। आयोजकों ने सोमवार को उक्त जानकारी दी।

यह दक्षिण अमेरिका का पहला स्टैंडअलोन क्रिकेट आयोजन होगा और इसे क्रिकेट वेस्टइंडीज द्वारा मंजूरी दी गई है और गुयाना सरकार द्वारा इसका पूरा समर्थन किया जाता है, जो इस टूनार्मेंट में एक प्रमुख हितधारक होगी। इस आयोजन में 11 मैचों की एक मिनी लीग होगी, जिसमें प्रत्येक टीम चार मैच खेलेगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। सभी मैच प्रोविडेंस के गुयाना नेशनल स्टेडियम में होंगे, यह टूनार्मेंट सालाना आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर की अलग-अलग टीमों को हर सीजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। गुयाना के सहकारी गणराज्य के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान अली ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ‘ग्लोबल सुपर लीग को गुयाना सरकार का पूरा समर्थन प्राप्त है क्योंकि हम एक विश्व स्तरीय खेल पर्यटन उत्पाद बना रहे हैं। क्रिकेट हमारे सांस्कृतिक इतिहास का हिस्सा है, यह एकता की शक्ति है, हमारी विरासत का हिस्सा है और पर्यटन पर विशेष जोर देते हुए आर्थिक विविधीकरण में हमारे रणनीतिक उद्देश्य का अभिन्न अंग है।

# झारखंड में लागू होगा एनआरसी, नागरिकता का रजिस्टर बनेगा : शिवराज चौहान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि झारखंड में एनआरसी लागू किया जाएगा। नागरिकता का रजिस्टर बनेगा। विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। झारखंड में भाजपा का विस्तृत संकल्प पत्र जल्द आने वाला है। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा झारखंड प्रभारी शिवराज चौहान ने कहा कि यह चुनाव केवल मुख्यमंत्री बनाने या किसी पार्टी की सत्ता के लिए नहीं है, यह झारखंड को बचाने



का चुनाव है। बेटी, माटी और रोटी इन तीनों की रक्षा करना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी परिवर्तित हो रही है। संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हिंदू आबादी भी प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक के लालच में हेमंत सोरेन और गठबंधन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों के आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं, यह देश के लिए बड़ा खतरा है। आदिवासी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसा कर उनसे शादी कर जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है।

# कराची एयरपोर्ट के पास विस्फोट में चीन के दो नागरिकों समेत तीन की मौत

एजेंसी

**कराची :** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट में रविवार रात हुए जबरदस्त विस्फोट में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें चीन के भी दो नागरिक हैं। संघीय जांच अधिकारियों के हवाले से डॉन अखबार ने आज अब से कुछ देर पहले यह जानकारी अपने न्यूज पोर्टल पर साझा की है। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, चीन के दूतावास ने पुष्टि की कि कराची में एयरपोर्ट के पास सड़क पर हुए विस्फोट में उसके दो नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, चीन के नागरिकों के शव को मॉर्चरी में रखवा दिए गए हैं। जियो न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि चीन के नागरिकों के काफिले पर हमला करने वालों को हर



हाल में दंडित किया जाएगा। धमाके की आवाज करीमाबाद, डिफेंस और जमशेद रोड सहित शहर के विभिन्न इलाकों में सुनी गई। मालिर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एयरपोर्ट के ट्रैफिक सिग्नल के पास हुए इस विस्फोट की पुष्टि की। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी की मजीद ब्रिगेड ने बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस अधिकारी डॉ. सुम्मैया सैयद ने कहा है कि एक पुलिसकर्मी और एक महिला समेत कम से कम नौ घायलों को जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया है।

# राष्ट्रकवि दिनकर का रचना संसार दिखेगा डिजिटल लाइब्रेरी में: डॉ. विपिन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं को एक जगह एकत्र कर डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। विश्व हिंदी परिषद की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. कुमार ने आरा (बिहार) के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज (एसबी कॉलेज) के 54 वां स्थापना दिवस पर यह घोषणा की। स्थापना दिवस पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 116 वीं जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत रत्न देने की मांगः उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि राष्ट्रकवि दिनकर को भारत रत्न प्रदान किया जाए। डॉ. विपिन ने कहा कि दिनकर जी की रचनाओं में हर वर्ग का प्रतिनिधित्व है। उनके रचना संसार पूरा विश्व प्रभावित है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री व अन्य तक उनकी रचनाओं को पढ़ते है। राष्ट्रकवि दिनकर आज भी प्रासंगिक है। भारत के नवनिर्माण में उनका बड़ा योगदान है। उनकी रचनाओं से प्रेरणा लेकर राष्ट्र को विकसित किया जा सकता है। राष्ट्रीय संगोष्ठी



का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुवेर्दी, प्राचार्य ड़ॉ. पूनम कुमारी, कुलसचिव डॉ. रणविजय कुमार, राष्ट्रकवि दिनकर जी के पौत्र डॉ. अरविंद कुमार व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ. राम बहादुर शर्मा। संगोष्ठी का संचालन डॉ. सुदीप्ता शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पंकज कुमार ने किया। रांची विश्वविद्यालय हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पांडे ने कहा कि कॉलेज अपना स्वर्ण जयंती समारोह मना रहा है यह गौरव का संदर्भ है। किसान आंदोलन के प्रणेता थे स्वामी सहजानंद के नाम पर यह कॉलेज स्थापित है। इस मौके पर डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने राष्ट्रकवि की कई कविताओं को सुनाया। इस दौरान कॉलेज की पत्रिका सहज और डॉ. पूनम कुमारी की पुस्तक लोक - कथाएं का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो. मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ. दिवाकर पांडेय, डॉ. विश्वनाथ चौधरी, प्रो. पीके सिन्हा, प्रो. शंभू शरण शर्मा, डॉ. अनुज रजक, डॉ. शिव प्रकाश राय,प्रो. कनकलता कुमारी, डॉ. भावप्रिता, डॉ. स्मिता ठाकुर, डॉ. अभिनव, डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. अरविंद, डॉ. नीतू, डॉ. अर्चना, डॉ. उमेश कुमार राय, बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ. विनय कुमार, डॉ. आदित्य, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, सुमिर, रमेश और कृष्ण भास्कर मौजूद रहे।

# धर्मतला की भूख हड़ताल में पहली बार शामिल हुए आरजी कर के जूनियर डॉक्टर

एजेंसी

**कोलकाता :** जिस आर.जी. कर कांड को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने कोलकाता के धर्मतला में भूख हड़ताल शुरू की है, उसमें दो दिनों तक आर.जी. कर के ही प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे। इसे लेकर सवाल खड़े हो रहे थे। अब रविवार रात आर.जी. कर अस्पताल की ओर से जूनियर डॉक्टरों के नेताओं में से एक अनिकेत महतो भी धरने में शामिल हुए हैं। शनिवार रात जब छह जूनियर डॉक्टरों ने भूख हड़ताल शुरू की थी, तब सवाल उठने लगे थे कि आर.जी. कर अस्पताल, जो आंदोलन का केंद्र रहा है, वहां का कोई भी डॉक्टर भूख हड़ताल में क्यों शामिल नहीं हुआ? रविवार रात को आर.जी. कर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर अनिकेत महतो भी भूख हड़ताल में शामिल हो गए। शनिवार से शुरू हुई इस आमरण अनशन में अब कुल सात डॉक्टर शामिल हो गए हैं, जो अपनी दस मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। शनिवार रात को जब छह डॉक्टरों ने भूख हड़ताल की शुरूआत की, तब उनमें से कोई भी आर.जी.कर अस्पताल से नहीं था, जिससे



आंदोलनकारियों में विवाद की चचाएं शुरू हो गईं थीं। लोगों में यह सवाल उठने लगा था कि आर.जी. कर अस्पताल के किसी डॉक्टर ने क्यों हिस्सा नहीं लिया, जबकि इस आंदोलन की शुरूआत उसी अस्पताल की घटना से हुई थी। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना था कि आर.जी. कर अस्पताल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए ही यह फैसला लिया गया था और यह निर्णय सबकी सहमति से हुआ था। शनिवार रात से ही कोलकाता मेडिकल कॉलेज के अनुष्टुप मुखर्जी, स्नेघा हाजरा, तान्या पांजा, एस.एस.के.एम. अस्पताल के अर्णब मुखर्जी, के.पी.सी. मेडिकल कॉलेज की सायंतनी घोष हाजरा और एन.आर.एस. मेडिकल कॉलेज के पुलस्त्य आचार्य ने अनशन शुरू किया था। रविवार रात अनिकेत महतो के जुड़ने से आंदोलन को एक नई दिशा मिली है, जो आर.जी. कर अस्पताल से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं। आंदोलनकारी डॉक्टरों का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से सहमति से लिया गया था और आंदोलन के अगले कदमों पर भी विचार-विमर्श किया जा रहा है।

# हिमाचल में तीन दिन बारिश के आसार जनजातीय इलाकों में पारा गिरा

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मानसून की विदाई के बाद मौसम साफ बना हुआ है। पिछले एक हफ्ते से राज्य में धूप खिल रही है। इससे मैदानी इलाकों के दिन के पारे में उछाल आया है और लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सुबह व शाम के समय मौसम सुहावना बना हुआ है। जनजातीय इलाकों में न्यूनतम पारा गिरने से रातें ठंडी होती जा रही हैं। लाहौल-स्पीति जिला में रात का पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीच पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आठ, नौ व 10 अक्टूबर को उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में बादलों के बरसने का अनुमान है, जबकि मैदानी व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 10 अक्तूबर मौसम शुष्क बना रहेगा। पहाड़ी इलाकों में बारिश के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है।

### केलांग में न्यूनतम पारा 4.7 डिग्री पहुंचा

प्रदेश के जनजातीय जिलों लाहौल-स्पीति और किन्नौर में ठंड ने दस्तक दे दी है। इन क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है। लाहौल-स्पीति जिला का मुख्यालय केलांग सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह कुकुमसेरी में पारा 4.9 डिग्री, कल्पा में 6.8 डिग्री, समधो में 8.4 डिग्री, मनाली में 9.9 डिग्री, शिमला में 13.6 डिग्री, सुंदरनगर में 14.3 डिग्री, धर्मशाला में 15 डिग्री, उना में 15.4 डिग्री, नाहन में 19.5 डिग्री, पालमपुर में 14 डिग्री, सोलन में 13.5 डिग्री, कांगड़ा में 15 डिग्री, मंडी में 17.3 डिग्री, बिलासपुर में 17.5 डिग्री, चंबा में 15.1 डिग्री, डल्हौजी में 16 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 16.5 डिग्री, भरमौर में 12.9 डिग्री, सियोबाग में 12 डिग्री, धौलाकूआं में 20.7 डिग्री, बरठीं में 16 डिग्री, कसौली में 16.4 डिग्री, पांवटा साहिब में 22 डिग्री,डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# ओला इलेक्ट्रिक की 'बॉस- बिगेस्ट ओला सीजन सेल' शुरू हुई, एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये से शुरू

रांची : भारत की सबसे बड़ी प्योर–प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीजन सेल, बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 37,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस+अपग्रेड, एक्सेसरीज पर एक्सक्लुसिव डील और केयर+ के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं।कंपनी आज से अपने बॉस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित बेनेफिट्स प्रदान करेगी।बॉस के दौरान मूल्य: ओला एस1 एक्स 2 किलोवॉट घंटा का मूल्य 49,999 रुपये से शुरू (सीमित स्टॉक के लिए) बॉस के दौरान डिस्काउंट: एस1 पोर्टफोलियो पर 25,000 रुपये तक का डिस्काउंट – एस1एक्स 2 किलोवॉटघंटा पर 25,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट, एस1 पोर्टफोलियो पर 12,000 रुपये तक के डिस्काउंट। बॉसके दौरान वॉरंटी: 7,000 रुपये मूल्य की 8 साल/80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी निशुल्क। बॉसके दौरान फाईनेंस ऑफर: चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 5,000 रुपये तक के फाईनेंस ऑफर। बॉसके दौरान बेनेफिट्स: 6,000 रुपये मूल्य का मूवओएस+ अपग्रेड निशुल्क; 7,000 रुपये मूल्य के हाईपरचार्जिंग क्रेडिट निशुल्क। इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल, चेयरमैन एवं एमडी, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, ह्यहम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना #एल्क्ठिएऑ मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं। सबसे बड़े डिस्काउंट, सबसे अच्छी डील्स और आकर्षक फाईनेंसिंग ऑफरों के साथ यह महंगे पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ते हुए ईवी के विस्तार के लिए सबसे अच्छा समय है।

# सड़क किनारे रेलिंग से टकराई बस 4 की मौत, 25 से अधिक यात्री घायल

एजेंसी

**पालनपुर :** बनासकांठा जिले के अंबाजी और दांता के बीच त्रिसुलिया घाट हनुमान मंदिर के पास बस दुर्घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक घायल हो गए। घायलों को पालनपुर हॉस्पिटल ले जाया गया है। शुरूआती जानकारी में बस चालक के नशे में होने की बात कही जा रही है। पुलिस समेत प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। गुजरात के प्रसिद्ध शक्ति स्थल अंबाजी से सोमवार सुबह खेड़ा जिले के कठलाल निवासी यात्री बस में सवार होकर लौट रहे थे। त्रिसुलिया घाट हनुमान मंदिर के पास बस अचानक रेलिंग से टकरा कर पलट गई, जिससे दर्जनों यात्री घायल हो गए। बस में 52 लोग सवार बताए गए हैं। घटना में 4 लोगों की मौत



की पुष्टि की गई है, जबकि 25 से अधिक घायलों को पालनपुर हॉस्पिटल ले जाया गया है। यात्रियों के अनुसार बस चालक नशे में था और त्रिशूलिया घाट में मोड़ पर स्टेरिंग को नहीं संभाल पाया। इसके कारण बस सड़क किनारे रेलिंग में से टकराते हुए पलट गई। अंबाजी थाने के पुलिस इंस्पेक्टर आर बी गोहिल ने बताया कि नडियाद और खेड़ा जिले के यात्री रविवार को अंबाजी दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद आज सुबह वापस अपने घर लौट रहे थे। इस बीच अंबाजी और दाता के बीच त्रिसुलिया घाट पर बस रेलिंग से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# यमुनानगर: विस चुनाव में वादों का शोर खत्म, जीत के दावों का दौर शुरू

एजेंसी

**यमुनानगर :** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद अब चुनावी परिणाम की चर्चा हो रही है। जिले की चारों विधानसभाओं के सभी पार्टियों के प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। वही शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकारियों,कर्मचारियों सहित जनता का भार व्यक्त किया गया। आठ अक्टूबर सुबह आठ बजे से होने वाली मतगणना की तैयारियों को लेकर सभी ईवीएम मशीनों को तीन सुरक्षा लेयर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बनाए गए स्ट्रांग रूम




में रखा गया है। जहां पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रहीं है। राजनीतिक रूप से कट्टर विरोधी भी एक दूसरे को चुनाव संपन्न होने के बाद बधाई देते नजर आए। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद ही विभिन्न टीवी चैनलों द्वारा एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार को जाते और कांग्रेस की सरकार को आते दिखाया गया है। इस पूवार्नुमान से कांग्रेस के चेहरे खिल उठे है लेकिन भाजपा भी पूरी तरह से चुनाव में बहुमत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। चुनाव संपन्न होते ही चुनावी चर्चा का दौर शुरू हो गया कि कौन कितना आगे चल रहा है और कौन कितना पीछे चल रहा है। हालांकि सटीक जानकारी मतगणना के बाद ही हासिल होगी। अभी कार्यकर्ता अपने-अपने ही प्रत्याशी को जीतता हुआ देख रहा है। कहीं पर यह बहस का मुद्दा बन रहा है तो कहीं प्रत्याशी अपने स्तर पर सहज में ही स्वीकार कर रहा है। वहीं कई लोग अपनी-अपने प्रत्याशियों को मंत्री बनता भी देखने लगे हैं। जिले की चारों विधानसभाओं में से यमुनानगर में कांग्रेस और भाजपा का कड़ा मुकाबला दिखाई दे रहा है। जगाधरी में भी कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला दिख रहा है। वहीं सढौरा में कांग्रेस और इनेलो-बसपा गठबंधन और रादौर में कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है। मतगणना के लिए ईवीएम मशीनों को तीन लेयर की सुरक्षा के बीच औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के स्ट्रांग रूम में रखा गया है और सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर रखी जा रही है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना केंद्र का दौरा कर बताया कि मतगणना के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को मतगणना केंद्र यमुनानगर में बनाया गया है। उन्होंने बताया की आठ अक्टूबर को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू की जाएगी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कैम्पस एक्टिववियर ने विक्रांत मैसी को बनाया ऑटम विंटर 2024 कलेक्शन का नया ब्रांड एंबेसडर

**रांची:** भारत के सबसे बड़े खेल और एथलेटिक फुटवियर ब्रांडों में से एक, कैम्पस एक्टिववियर, ने भारतीय फिल्म अभिनेता विक्रांत मैसी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। कैम्पस और विक्रांत मैसी के बीच यह साझेदारी स्टाइल, बहुमुखी प्रतिभा और आत्म–अभिव्यक्ति का एक बेहतरीन मिश्रण है—जो अभिनेता और ब्रांड, दोनों की पहचान का प्रतीक है। विक्रांत मैसी ऑन–स्क्रीन अपनी शानदार परफॉर्मेंस और ऑफ–स्क्रीन अपने आकर्षक और सहज व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनकी यात्रा, जो टेलीविजन से लेकर समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों तक फैली है, ठीक उसी तरह है जैसे कैम्पस एक्टिववियर का सफर, जो आज देश के सबसे बड़े एथलेजर ब्रांड्स में शुमार है। उनके अनूठे व्यक्तित्व और अभिनय का हर पहलू, कैम्पस एक्टिववियर के महत्व और आधुनिक युवाओं के जोश और जुनून से मेल खाता है। कैम्पस एक्टिववियर के सीईओ, निखिल अग्रवाल ने कहा, 'विक्रांत मैसी का बहुमुखी व्यक्तित्व आज के युवाओं और उभरते कलाकारों के लिए एक प्रेरणा है। उनका सहज आकर्षण और सरलता कैम्पस एक्टिववियर के मूल्यों का प्रतीक हैं। हमारा मानना ??है कि विक्रांत के साथ यह सहयोग हमारे दर्शकों को अपने व्यक्तित्व को आत्मविश्वास के साथ अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जैसा कि विक्रांत हर दिन करता है।' विक्रांत मैसी ने इस साझेदारी को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'मैंने हमेशा माना है कि स्टाइल किसी व्यक्ति के असली स्वयं का प्रतिबिंब होता है। मैं बेहद खुश हूं कि मुझे कैम्पस एक्टिववियर जैसे स्वदेशी ब्रांड के साथ जुड़ने का मौका मिला, जो न केवल आरामदायक बल्कि फैशन–फॉरवर्ड भी है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो आज के युवाओं के लिए फैशन स्टेटमेंट बन चुका है।'

### सेंसोडायन ने विश्व डेंटिस्ट दिवस के अवसर पर एआई-पॉवर्ड पर्सनालाईज्ड वीडियो द्वारा डेंटिस्ट की भूमिका को किया सम्मानित

**रांची :** हाउस ऑफ हेलिऑन (पूर्व में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) ने देश में एक इनोवेटिव डिजिटल कैंपेन शुरू किया है, जिसमें एआई का उपयोग करके पूरे देश में डेंटिस्ट्स के वीडियो बनाए गए हैं। इन वीडियो में ओरल हैल्थ में सुधार लाने और लोगों के दैनिक अनुभव खुशनुमा बनाने में उनकी भूमिका प्रदर्शित की गई है।इस अभियान के लिए एआई की मदद से डेंटिस्ट्स के 4000 कस्टमाईज्ड वीडियो बनाए गए हैं, जो उन्हें ह्यडॉक्टर्स ऑफ जॉयह्ण के रूप में सम्मानित करते हैं। ये व्यक्तिगत वीडियो लोगों की ओरल हैल्थ की समस्याओं को ठीक करके उन्हें खुशी के क्षण प्रदान करने और खुशी फैलाने में डेंटिस्ट की भूमिका के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं। ये वीडियो विभिन्न शहरों में साझा किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों के जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करना है। ये वीडियो देश के 800 पिनकोड्स में वितरित किए जाएंगे, साथ ही यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी प्रसारित किए जाएंगे, जो मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 शहरों के 3.8 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचेंगे। Haleon में कैटेगरी लीड– ओरल हैल्थकेयर, किश्नय सेठ ने कहा, "Sensodyne में हम लोगों को स्वस्थ और खुशनुमा जीवन प्रदान करने में डेंटिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। इस विश्व डेंटिस्ट दिवस के अवसर पर हम लोगों के जीवन में खुशी लाने के लिए डेंटिस्ट्स को सम्मानित करना और उनका आभार व्यक्त करना चाहते हैं। व्यक्तिगत वीडियो बनाकर हमारा उद्देश्य हर डेंटिस्ट के योगदान को सम्मानित करना और उन्हें यह दिखाना है कि वो लोगों के ओरल स्वास्थ्य एवं संपूर्ण सेहत में सुधार लाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये वीडियो दिलचस्प डिजिटल अभियानों द्वारा ओरल हैल्थ में सुधार लाने के "Sensodyne के निरंतर प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं। इन व्यक्तिगत वीडियो के अलावा सेंसाडाईन ने चार शॉर्ट फिल्में भी रिलीज की हैं, जिनमें लोगों को जीवन के बहुमूल्य क्षणों का आनंद लेने में समर्थ बनाने की डेंटिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है।

### एमेजॉन ने देश में डिलीवरी क्षमताएं बढ़ाने के लिए इंडिया पोस्ट के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**रांची :** एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड (एमेजॉन इंडिया) ने आज देश में अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए पोस्टल विभाग (इंडिया पोस्ट) के साथ एक मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत किए। एमेजॉन के ग्राहक केंद्रित और टेक्नोलॉजिकल कौशल के साथ इंडिया पोस्ट के अंतिम छोर तक पहुँच रखने वाले डिलीवरी नेटवर्क और दशकों की विशेषज्ञता की मदद से यह गठबंधन ई–कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देगा। इस एमओयू के अंतर्गत ये दोनों अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में क्षमता को साझा करने, संसाधनों के ज्यादा प्रभावी उपयोग और एफिशियंसी बढ़ाने के लिए सुगम इंटीग्रेशन और ज्ञान के आदान–प्रदान द्वारा अपने ऑपरेशंस में तालमेल बनाएंगे। इस गठबंधन द्वारा दोनों संगठनों का विकास होगा तथा एमेजॉन के ग्राहकों के लिए डिलीवरी के अनुभव में सुधार आएगा। खासकर दूरदराज और ग्रामीण हिस्सो के ग्राहकों को इस साझेदारी का विशेष लाभ मिलेगा। पिछले 2 से 3 सालों में एमेजॉन के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में इंडिया पोस्ट की पहुँच बढ़कर दोगुनी से ज्यादा हो गई है, जिसके पिकअप पॉईंट देश में 6 स्थानों से बढ़कर 13 स्थानों तक पहुँच गए हैं। एक अन्य पहल में एमेजॉन इंडिया पोस्ट के साथ एंड–टू–एंड इंटीग्रेटेड कैश–ऑन डिलीवरी समाधान प्रदान करने वाली पहली कंपनी बन गई। इन पहलों एवं अन्य सुधारों के साथ पिछले 18 महीनों में इंडिया पोस्ट द्वारा डिलीवर किए जाने वाले एमेजॉन के पार्सल बढ़कर लगभग 3 गुना हो गए हैं।एमेजॉन इंडिया के वीपी, ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा, ह्यह्यभारत में इंडिया पोस्ट के साथ हमारी साझेदारी ने भारत में एमेजॉन की वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाई है। इसने ई–कॉमर्स को पूरे देश में पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत में दशकों से सेवा दे रहे इस प्रतिष्ठित संगठन के साथ हमारी पार्टनरशिप के साथ हम लॉजिस्टिक्स और कस्टमर सेवा के क्षेत्र में लगातार कई सालों तक नए मानक स्थापित करते रहेंगे। यह पार्टनरशिप सरकार द्वारा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रक्रियाओं द्वारा इंडिया पोस्ट की सेवाओं और पहुँच का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करने के लक्ष्य के अनुरूप है। आज दस्तखत किए गए इस एमओयू के साथ मुझे विश्वास है कि हमारे इस गठबंधन के नए चरण की शुरूआत होगी, और हम सबसे अच्छी सेवाएं प्रदान करने में समर्थ बनेंगे। एमेजॉन की प्रतिबद्धता और पूरे देश में इंडिया पोस्ट की पहुँच के साथ हम ई–कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देंगे। हम भारत में ग्राहकों और समुदायों की सेवा करने में नई उपलब्धियाँ हासिल करते रहने के लिए आशान्वित हैं।

### टाटा स्टील फाउंडेशन ने ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स 2024 में जूरी प्रशंसा पुरस्कार जीता

**रांची :** टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर ने ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स 2024 में जूरी की प्रशंसा प्राप्त की। ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स (MSIA) ब्रिजस्टोन इंडिया की एक पहल है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए सुरक्षित और सतत मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। ये पुरस्कार उन नवाचारों की पहचान, मान्यता और प्रोन्नति करने के लिए हैं जो सामाजिक मुद्दों को संबोधित करते हैं और गैर–लाभकारी संगठनों के माध्यम से सामाजिक विकास को आगे बढ़ाते हैं।इन पुरस्कारों के चौथे संस्करण में XXX प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं और 'सामाजिक रूप से कमजोर समूहों के लिए मोबिलिटी' और 'संसाधनों तक बढ़ी हुई पहुँच' श्रेणियों के अंतर्गत विजेताओं का चयन किया गया। ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री हिरोशी योशिजाने ने कहा, श्ब्रिजस्टोन का मिशन 'सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ समाज की सेवा करना' इस बात पर आधारित है कि हम अपने आस–पास के लोगों और समुदायों के लिए किस तरह योगदान करते हैं। संधारणीय गतिशीलता समाधानों में वैश्विक अग्रणी के रूप में, ये पुरस्कार व्यापक भलाई के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। यह ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स का चौथा संस्करण है और हम समुदायों की जरूरतों के लिए समाधान प्रदान करने और जिन लोगों की वे सेवा करते हैं उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की दिशा में काम करने में भाग लेने वाले सभी संगठनों की क्षमता और प्रभाव को देखकर उत्साहित हैं।श्टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर, झारखंड को जूरी द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रोजेक्ट 'मस्ती की पाठशाला' (MKP) के लिए प्रशंसा मिली। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य जमशेदपुर में बच्चों के श्रम के सबसे खराब रूपों को समाप्त करना है, जिसमें नागरिक नेतृत्व वाले आंदोलन को बढ़ावा देना शामिल है, ताकि प्रभावित बच्चों की पहचान, समर्थन और उन्हें शिक्षा से जोड़ने में मदद की जा सके। MKP तीन तरीकों से कार्य करता है: बेघर बच्चों के लिए स्कूल में समाकालन की तैयारी हेतु आवासीय ब्रिज कोर्स (RBC), झुग्गी बस्तियों के भीतर गैर–आवासीय ब्रिज कोर्स (NRBC) केंद्र सरकारी और अर्ध–सरकारी स्कूलों में तैयारी और नामांकन के लिए, और ऐसे बच्चों के लिए सीधा नामांकन जिनके लिए ब्रिजिंग की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम का यह भी जोर है कि छोटे बच्चों को सीधे किंडरगार्टन में नामांकित किया जाए और बड़े बच्चों (15–17 वर्ष) को करियर और उच्च शिक्षा के लिए तैयार किया जाए, जिससे बाल श्रम के चक्र को तोड़ने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

## यूज ब्रीफ

### विधायक अपर्णा ने किया 9 योजनाओं का शिलान्यास

**धनबाद:** विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा स्थित पांडरा मोड़ भाजपा कार्यालय में रविवार को एक साथ नौ योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में निरसा में विकास की गंगा बही है। इन पांच वर्षो में मैंने जनता से जितने भी वादे किये थे सब पूरे कर दिए हैं। चाहे बरबिंदिया पुल का मामला हो या पांडरा मोड़ स्थित समुदायिक स्वास्थ केंद्र का, हाईमास्ट लाइट, सड़क, नाला, सामुदायिक भवन, जहां-जहां लोगों ने कहा जो मांगा मैंने उसे पूरा करने का काम किया है। लगातार जनता द्वारा जो भी कार्य मुझे दिया जाता है हमारा प्रयास सदैव रहता है कि जल्द से जल्द उस कार्य को धरातल पर लाकर पूरा कर सकूं। जनता के लिए मैं सदैव खड़ी रहती हूं।

### मास ने जरुरतमंद बच्चों के बीच बांटे नये कपड़े

**मैथन :** मैथन आदर्श सेवा समिति (मास) हर साल दुर्गा पूजा और दीपावली पर्व के उपलक्ष पर जरुरतमंदों के बीच नये कपड़ों का वितरण करती है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मास ने रविवार को मैथन तथा आसपास के गांवों के 65 जरुरतमंद बच्चों के बीच नये कपड़े बांटे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के महाप्रबंधक (ट्रांसमिशन) अभिजीत चक्रवर्ती मौजूद रहे। वहीं मैथन थाना प्रभारी आकृष्ट अमन बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव शंकर गांगुली ने किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष अशोक मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन पाठक विकल, संगठन सचिव गोराचंद मंडल, सुदामा शर्मा, रेवा सेनगुप्ता, रिंकू घोष, संगीता गांगुली, दीपाली बनर्जी, विपुल मंडल, अतनु दास, अमरकांत मालवीय, जयंत गांगुली सहित अन्य उपस्थित रहे।

### चर्च से प्रेम, शांति और सेवा का परिचय होता है : जोबा माझी



**चाईबासा :** आनंदपुर प्रखंड के सुदूर हारता पंचायत अंतर्गत काडेदा गांव में रविवार को 59वां संत थोमस उपासनलय सह चर्च स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जोबा माझी शामिल हुईं। यहां सांसद जोबा माझी का पारंपरिक तरीके से नृत्य और गीत के साथ स्वागत किया गया। वक्ताओं ने चर्च स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए इसके इतिहास की जानकारी दी। सांसद जोबा माझी ने लोगों को चर्च स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि यहां आकर अच्छे विचार मिलते हैं। चर्च से प्रेम, शांति और सेवा का परिचय होता है।

उन्होंने लोगों से एक दूसरे का सहयोग करने और प्रेम सद्भाव के साथ रहने की अपील की। सांसद ने लोकसभा चुनाव में समर्थन देने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा आपने पहले से बड़ी ताकत दी है। आपकी बातों और समस्याओं को अब देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में रखकर समाधान का प्रयास करूंगी। ग्रामीणों की मांग पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुटूंगा की चारदीवारी, शौचालय आदि निर्माण की घोषणा की। सांसद ने महिलाओं के साथ सामूहिक नृत्य भी किया। मौके पर फादर थॉमस मुंडू, पुरोहित संतोष मुंडू, प्रचारक पैतृक डांग, सचिव जीवन प्रकाश भुईयां, पौलुस भुईयां, मेरी भुईयां, जीरन भुईयां, सुशाना डांग, प्रीतिवंती डांग, प्रमोद बरजो, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अजय कच्छप, सेवानिवृत्त शिक्षक दानिएल भुईयां समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ट्रेन को डीरेल करने की साजिश हुई नाकाम, बड़ा हादसा टला, एक हफ्ते में दूसरी घटना




**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुआ रेलवे स्टेशन के पास एक बार फिर शनिवार रात में ट्रेन को डीरेल करने की साजिश रची गयी। थर्ड लाइन के ज्वाइंट प्वाइंट संख्या 101ए व 101बी पर बड़ा पत्थर रख दिया गया था। पेट्रोलिंग कर रहे रेलकर्मियों ने समय रहते पत्थर को देख लिया।

**बाल-बाल बचे लोग**

इस घटना में राहत की बात ये रही कि उस समय अप लाइन पर शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस के आने का समय था। इसके बाद आनन-फानन में थर्ड लाइन समेत अप व डाउन लाइन में ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया। इससे बड़ी घटना टल गयी। ट्रेनों का परिचालन रात 9.45 बजे से 10.05 तक बंद रहा। पत्थर हटाने के बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया। इससे पहले मंगलवार को भी ट्रैक पर पत्थर रख दिया गया था। एक सप्ताह में दूसरी घटना है।

**चक्रधरपुर रेल मंडल में अफरा-तफरी**

सोनुआ स्टेशन के आउटडोर में फिर से ज्वाईंट प्वाइंट पर पत्थर रखे जाने की सूचना से चक्रधरपुर रेलमंडल में अफरा-तफरी मच गयी। रात में ही चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय से आरपीएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची। रेल ट्रैक की जांच की। इस बीच थर्ड लाइन समेत अप व डाउन मेन लाइन में शनिवार रात 9.45 बजे से 10.05 बजे तक ट्रेनों का परिचालन ठप रहा। ट्रैक मेंटेनरों ने ज्वाईंट प्वाइंट पर रखे पत्थर हो हटाया। इसके बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ। आरपीएफ पूरे मामले की जांच कर रही है। इस तरह की घटना को देखते हुए रेलवे की स्पेशल टीम पटरी व ज्वाईंट प्वाइंट की निगरानी करेगी।

**एक हफ्ते में दूसरी बार रखा गया पत्थर**

मंगलवार रात में सोनुआ स्टेशन के आउटडोर के पास डाउन मेन लाइन व थर्ड लाइन ज्वाईंट प्वाइंट संख्या 102ए व 103 पर बड़ा पत्थर रख दिया गया था। वहीं प्वाइंट सेट नहीं होने से सिग्नल क्लियर नहीं मिलता है। आरपीएफ की टीम घटना को लेकर शरारती तत्वों की करतूत बता रही है। शरारती तत्वों की मंशा ट्रेनों को बेपटरी करना था। पर रेलवे कर्मियों की सजगता से बड़ी घटना टल गयी।

# नवरात्र के पांचवें दिन स्कन्दमाता का स्वरूप की हुई पूजा अर्चना








**ज्योति पाठक**

**नवरात्र** के पाँचवें दिन आज प्राचीन हनुमान मंदिर में मां दुर्गा की स्कन्दमाता की स्वरूप की विशेष पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक माँ के आराधना में पूजा में लीन रहें। माँ की आराधना करते हुए श्री पाठक ने सबों के लिए सुख समृद्धि और भक्तजनों की कल्याण करने के लिए माँ से विनती भी की। गौरतलब हो कि चक्रधरपुर शहर के हृदय स्थली माने जाने वाला बाटा रोड में अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में माँ दुर्गा की पूजा अर्चना मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक के द्वारा की जाती है। माँ के निरंतर नौ दिनों तक विशेष पूजा अर्चना और आराधना के अवसर पर काफी संख्या में भक्तजन और श्रद्धालु भी मुख्य रूप से उपस्थित रहते हैं। नौ दिनों में मंदिर प्रांगण में अद्भूत असीम सुख शांति और माँ के ममता का बोध होता है। यही नहीं शाम को विशेष आरती के समय भक्तजनों की उपस्थिति भी देखते ही बनती है तत्पश्चात भक्तजनों के बीच प्रसाद भी वितरित किये जाते हैं।



## मंईयां के आगे भाजपा का गोगो दीदी फेल : केशव महतो

**जमशेदपुर :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को सिदगोड़ा टाउनहॉल में जनसंवाद लक्ष्य 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बेहतर कार्य कर रही है। खासकर इसकी मंईयां सम्मान योजना की सफलता से भाजपा बौखला गई है। इसलिए भाजपा राज्य में गोगो दीदी योजना की झूठी फार्म महिलाओं से भरवा रही है। लेकिन मंईयां के आगे भाजपा का गोगो दीदी योजना सफल नहीं होगी।

उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों से जन-जन को अवगत कराने की अपील की। कहा जनता को बताएं हेमंत सरकार प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए क्या-क्या कार्य कर रही है। इससे पहले गुटों में बंटकर कांग्रेस कार्यकर्ता टाउन हॉल पहुंचे। इस बार भी डॉ। अजय के समर्थक काफी संख्या में पहुंचे। मंच का संचालन जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने किया। मौके पर नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, पूर्व अध्यक्ष रवींद्र झा, विजय खां, अशोक चौधरी, केके शुक्ला समेत काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## पूर्व आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह 'राजीव लाईफ लाईन' के नाम से पहचाने जाते हैं





**बिनय मिश्रा**

**सरकारी** सेवा में तबादला और सेवानिवृति सामान्य बाते हैं किन्तु कुछ ऐसे अधिकारी होते हैं जो अपने बेहतर कार्य और व्यवहार तथा जनसहयोग से अपनी ख्याति हमेशा लोकप्रियता के रूप में बनाये रखने में सफल होते हैं, जी हाँ! हम बात कर रहे हैं भारतीय पुलिस सेवा 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी जो राँची में ट्रैफिक एसपी रहते जनसुविधा की ऐसी परम्परा प्रारंभ की जो आज तक लोगों को भली भांति याद है और उन्हें सम्मानपूर्वक याद भी करते हैं। ट्रैफिक एसपी के रूप में राजीव रंजन सिंह बेहतर सुविधा आवागमन और सुरक्षा की व्यवस्था सुगम, सरल और बेहतर बनाने की दिशा में जो कारगर प्रयास किया वह आज तक लोगों के लिए संजीवनी और ऊर्जा साबित हुआ है। मुख्य मार्ग पर सुरक्षा हेतु रेलिंग या यूँ कहें कि सुरक्षा रेखा दुकानदारों को अपने दुकान के समक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जाना अपने आप में एक कारगर उपाय साबित हुआ और आज भी यह नियम का अनुपालन दुकानदारों और लोगों के द्वारा किया जा रहा है। आज भी इस सुरक्षा की सुविधा का नामांकरण तत्कालीन ट्रैफिक एसपी राजीव रंजन सिंह के नामांकरण पर राजीव लाईफ लाईन के नाम से पहचाना जाता है। संभवतः झारखण्ड में यह पहला अवसर है जब झारखण्ड के किसी आईपीएस अधिकारी के कारगर सुझाव और बेहतर पहल के फलस्वरूप आज भी लोग उन्हे याद करते हैं और उनका प्रयोग भी काफी सफल रहा और राजीव लाईफ लाईन के नाम से जाना जाता है, पहचाना जाता है जो निश्चित तौर पर एक बेहतर, कर्मठ और जनसरोकर को बेहतर सुविधा और सुझाव से दुर्घटना से बचाव का जो कारगर मूल मंत्र दिया उसे लोगों ने अपनाया और उनके सुझाव को मानते हुए सुरक्षा के लिए इसे उपयुक्त भी माना।

### गुवा प्रबंधन ने सारंडा के स्कूलों को स्वच्छता किट प्रदान किया

**चाईबासा :** सेल, गुवा लौह अयस्क खदान के मुख्य महाप्रबंधक (खान) कमल भास्कर के मार्गदर्शन में सीएसआर गांवों के स्कूलों में अनिल कुमार, डीजीएम सीएसआर द्वारा स्वच्छता किट वितरित किए गए। इस क्रम में लिपुंगा, गंगदा, घाटकुरी, रोआम, दुइया, जामकुंडिया एवं अन्य सीएसआर गांवों के स्कूलों में स्वच्छता किट जिसमें डस्टबिन, बाल्टी, फिनाइल, हार्पिक, झाड़ू आदि सामान वितरित किए गए।

## किसानों के खेत में पानी मिलेगा तो पूरा होगा सुवर्णरेखा परियोजना का उद्देश्य : रामदास



**जमशेदपुर :** सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना सफेद हाथी साबित हो रही थी। 15 साल की योजना 46 साल बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पा रही थी। लेकिन मेरे द्वारा विभाग संभालने के बाद इसके कार्य में तेजी लाने का निर्देश विभाग के अधिकारी को दिया गया है। समयनुसार सभी योजना पूरी की जाएगी, क्योंकि हमारी सरकार हर किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में रखी है। हर किसानों के खेत में जिस दिन पानी मिलने लगेगा, उसी दिन सुवर्णरेखा परियोजना का उद्देश्य पूर्ण होगा। समय कम है और काम ज्यादा करना है। ऐसे में हमें और हमारे विभाग के अधिकारी को तेजी से काम करने की जरुरत है। उक्त बातें रविवार को गालूडीह सुवर्णरेखा बराज डैम के समीप शिलान्यास एवं उद्घाटन समारोह में जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहीं। उन्होंने जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता विजय शंकर से कहा कि सुवर्णरेखा परियोजना का कैनाल साफ सुथरा दिखना चाहिए। कहीं भी कैनाल में पेड़ उगे और जंगल दिखे तो विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कुछ दिनों के अंदर हम स्वयं कैनाल का निरीक्षण करने जायेंगे। रामदास सोरेन ने कहा कि दायीं नहर से हर साल ओडिशा के खेतों को पानी मिलता था और झारखंड के खेत सूखे रह जाते थे। उसी कैनाल से अब 10 प्रतिशत पानी झारखंड के किसानों को भी मिलेगा। उसके लिए काम शुरू कर दिया जा रहा है। रामदास सोरेन ने कहा कि सुवर्णरेखा नदी के दोनों एफलक्सबांएड (बांध) बनाकर बराज में पानी को रोकने की झमता को बढ़ाया जायेगा, क्योंकि कई गांव नदी में पानी बढ़ने से डूब जाते थे।

**ऊंचे क्षेत्र वाले किसानों को लिफ्ट एरिगेशन से मिलेगा पानी**

ऊंचे क्षेत्र वाले किसानों को लिफ्ट एरिगेशन के माध्यम से हर खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। रामदास सोरेन ने कहा कि सुवर्णरेखा नदी में हर साल पानी बेकार बहकर समुद्र में चला जाता है। लेकिन सरकार की योजना है कि उसका पानी रोककर नदी में बीयर बनाकर पीने के पानी के साथ-साथ खेत को भी पानी दिया जा सके। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य अभियंता विजय शंकर, मुख्य अभियंता मोतीलाल पिंगुआ, विजय कुमार भगत और अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार लोहानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

**77 करोड़ के बांध का शिलान्यास**

इसके बाद गालूडीह सुवर्णरेखा बराज डैम के प्रांगण में जल संसाधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने 77 करोड़ रुपए के लागत से बनने वाली एफलक्सबांएड (बांध) का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इसके साथ ही साथ 40 करोड़ रुपया से गालूडीह दायीं मुख्य नहर के 5 उपनहर एवं जलवाहों का भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई हेतु निमार्ण कार्य का उद्घाटन जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन, सांसद बिद्युत बरण महतो समेत विभाग के अधिकारियों ने किया। इतना ही नहीं गालूडीह दायीं नहर के एसएमएल 3, 4, 5, 6 और 7 तथा क्युआर 47, 1, 2, 3 का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम में रामनिवास प्रसाद, कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार, अजय प्रजापति, रोहित कुमार, सहित सहायक अभियंता और कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# 732 करोड़ की लागत से दो कोल हैंडलिंग प्लांट का शिलान्यास



**बोकारो :** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने 732 करोड़ की लागत से सीसीएल के बोकारो एवं करगली क्षेत्र में कारो कोल हैंडलिंग प्लांट एवं कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट का शिलान्यास किया। इन दोनों परियोजनाओं की क्षमता क्रमशः सात मिलियन टन एवं पांच मिलियन टन प्रतिवर्ष है। फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में ये दोनों कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे। इसके तहत कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाने की व्यवस्था की जाएगी, जहां से इसे देश भर के ताप विद्युत संयंत्रों तथा अन्य उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा।

वर्तमान में, इन खानों से कोयला, टिपर द्वारा सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है। कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने कोनार परियोजना के शिलान्यास के क्रम में पौधरोपण भी किया। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल (अनूप सिंह), कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) सतीश झा एवं श्रमिक संघों के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**मील का पत्थर साबित होंगी दोनों योजनाएं : दुबे**

बेरमो में शिलान्यास स्थल पर कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी योजनाओं को समय पर पूरा किया जा रहा है। जो शिलान्यास होता है, उसका उद्घाटन भी समय पर होता है। ये योजनाएं झारखंड और पूरे क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि कोनार परियोजना में 322 करोड़ और कारो परियोजना में 410 करोड़ रुपये निवेश किये जा रहे हैं। ये दोनों परियोजनाएं प्रदूषण नियंत्रण में मदद करेंगी और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगी। मंत्री ने यह भी कहा झारखंड में मौजूद खनिज संसाधन प्रदेश को तेजी से विकसित करेंगे।

**कोयला के उत्पादन और प्रेषण में आएगी तेजी**

कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने कहा कि दोनों परियोजनाएं एक क्लोज्ड-लूप, पूर्ण यंत्रीकृत प्रणाली हैं, जो सड़क द्वारा परिवहन को समाप्त करके कोयले के प्रेषण में तेजी और दक्षता लाएंगी। इस प्रकार से डीजल की खपत में भी कमी आएगी। इन परियोजनाओं के आरंभ होने पर धूल और वाहन जनित प्रदूषण कम होगा, जिससे क्षेत्र के पर्यावरण में गुणात्मक सुधार होगा। बता दें सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में सीसीसीएल की टीम कई नई परियोजनाओं की शुरूआत कर रही है, जिससे कोयला उत्पादन एवं प्रेषण में वृद्धि आएगी।

**कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट**

इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, 10,000 टन क्षमता के कोयला भंडारण बंकर और 1.6 किमी लंबा कन्वेयर बेल्ट शामिल हैं, जिनकी सहायता से कोयले को 1,000 टन भंडारण क्षमता के साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। पांच मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की इस परियोजना की लागत 322 करोड़ रुपये है। इसके परियोजना के प्रारंभ होने से वर्तमान रेक लोडिंग का समय पांच घंटे से घट कर एक घंटा रह जाएगा।

**कारो कोल हैंडलिंग प्लांट**

इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, 15,000 टन क्षमता के कोयला भंडारण बंकर और एक किमी लंबा कन्वेयर बेल्ट शामिल हैं, जिनकी सहायता से कोयले को 4,000 टन भंडारण क्षमता के साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। सात मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की इस परियोजना की लागत 410 करोड़ रुपये है। इसके परियोजना के प्रारंभ होने से वर्तमान रेक लोडिंग का समय पांच घंटे से घटकर एक घंटा हो जाएगा।